संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 मार्च 2024 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



दिल्ली का बजट पेश करने से पूर्व वित्त मंत्री आतिशी मीडिया से मुखातिब होते हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 63 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'मोहब्बत की दुकान' से नफरत का सामान आ रहा बाहरः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः बी**जेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जैसे जैसे देश लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे ही उनकी मोहब्बत की दुकान से नफरत का सामान बाहर आ रहा है।

**'पीएम मोदी का पूरा देश ही परिवार'**: उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ लालू यादव ने बहुत ही निचले स्तर के शब्द प्रयोग किए हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार के विषय में बात कही है। पीएम नरेंद्र मोदी के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है, जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से वह सीमा पर जवानों के साथ दिवाली मनाते हैं, जब उन्होंने खुद को देश के लिए समर्पित करने के लिए अपना परिवार छोड़ा, उसी क्षण उन्होंने प्रतिज्ञा की, पूरा देश उनका परिवार है। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा, "लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पीएम मोदी हिंदू नहीं हैं। क्ठ्ठअक्रगठबंधन के लिए कोई हिंदू नहीं है। उनके लिए हिंदू पिछड़े, दलित, सवर्ण, उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मराठी, पंजाबी, बंगाली और यहां तक ??कि हिंदी भी हैं, लेकिन हिंदू नहीं हैं, क्योंकि वे भारत को टुकड़ों में देखना चाहते हैं। एक परिवार ने राजनीति में आने के लिए देश को विभाजित किया और आज वे उन लोगों के साथ खड़े हैं जो भारत को विभाजित करना चाहते हैं ताकि उन्हें देश के कम से कम एक हिस्से पर शासन करने का मौका मिल सके।"

**'सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले...'**: बीजेपी नेता ने कहा, "मैं लालू यादव को बताना चाहता हूं कि सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें सौ-सौ छेद है।" उन्होंने कहा, "जो सनातन धर्म को मिटाने की कॉन्फ्रेंस करते हैं। उत्तर भारत में हिंदू धर्म को धोखा बताते हैं। जिनकी सरकार के शिक्षा मंत्री पोटैशियम साइनाइट बताते हैं। रामचरित मानस और हिंदू धर्म ग्रंथों के बारे में अनाप-शनाप टिप्पणी करते हैं। अब वो हिंदू होने के सर्टिफिकेट देने लगे हैं।"

सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, "मैं इनकी बात का उत्तर सैद्धांतिक भी देता हूं और राजनैतिक भी।" उन्होंने कहा कि लालू यादव को बताना चाहूंगा कि हिंदू धर्म में पुत्र का महत्व नहीं होता है। उन्होंने कहा कि द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा का स्थान नहीं ऊंचा है। अर्जुन का स्थान ऊंचा है। भगवान राम ने अपनी समस्त शक्तियां हनुमान को दीं। द्रोणाचार्य ने विद्या पुत्र अश्वत्थामा को नहीं, अर्जुन को दीं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की परंपरा है, गुरु-शिष्य परंपरा। पिता-पुत्र परंपरा नहीं है।

### आदर्श विचार



"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"
-भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
-स्वामी विवेकानंद




## गुजरात में कांग्रेस को बड़ा झटकाः अर्जुन मोढवाडिया का इस्तीफा

**अहमदाबादः** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुजरात पहुंचने से एक दिन पहले कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। पोरबंदर से विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और एमएलए अर्जुन मोढवाडिया आज दोपहर विधानसभा पहुंचे और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस से इस्तीफे के बाद अर्जुन मोढवाडिया ने कहा कि जब कोई पार्टी जनता से अपना जुड़ाव खो देती है तो वह ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाती। देश की जनता चाहती थी कि राम मंदिर का निर्माण हो।

# 'परिवारवाद' पर 'सियासी उबाल'

### मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं हैः मोदी

**हमला बोला**

8 परिवारवाद के खिलाफ पीएम ने दिया नया नारा; लालू के बयान पर किया पलटवार



**टीम एक्शन इंडिया**

**आदिलाबादः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने आदिलाबाद की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह चुनावी सभा नहीं, बल्कि विकास- उत्सव है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के बिगड़े बोल पर भी पलटवार किया।

**'चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सव है'**: जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं!"

**'मेरा भारत-मेरा परिवार': पीएम मोदीः** पीएम मोदी ने लालू प्रसाद यादव के बोल पर पलटवार करते हुए कहा निशाना साधा। उन्होंने कहा, "भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।"

### बढ़ेगी तेलंगाना की ऊर्जा उत्पादन क्षमताः पीएम

**पीएम** मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "तेलंगाना अपने गठन के 10 साल पूरे करने जा रहा है। केंद्र सरकार उन आकांक्षाओं को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रही है, जो उस समय लोगों की थीं। हमने एनटीपीसी की दूसरी इकाई का उद्घाटन किया है, जिसकी क्षमता 800 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन है। इससे तेलंगाना की ऊर्जा उत्पादन क्षमताएं बढ़ेंगी और अन्य संबंधित मुद्दों का समाधान मिलेगा।" उन्होंने कहा, "आज राष्ट्रीय राजमार्गों का भी उद्घाटन किया गया है। रेलवे और राजमार्गों के माध्यम से कनेक्टिविटी बढ़ने से तेलंगाना के विकास की गति और बढ़ेगी।

### तेलंगाना को हजारों करोड़ों की सौगात

**तेलंगाना** को हजारों करोड़ रुपये की सौगात देने के बाद पीएम मोदी ने कहा, "तेलंगाना की धरती आज कई विकास परियोजनाओं की गवाह बन रही है। आज मैं आप सबके बीच 30 से ज्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास करूंगा। 56 हजार करोड़ से भी ज्यादा की परियोजना तेलंगाना समेत देश के कई राज्यों का विकास करेंगे।" योजनाओं में ऊर्जा से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट है, पर्यावरण के लिए कई कार्य है और आधुनिक रोड नेटवर्क विकसितक करने वाले हाईवे भी हैं। इस परियोजनाओं के लिए मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।" विकास पीएम मोदी ने कहा, "पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कहीं ज्यादा राशि खर्च की है। हमारे लिए विकास का मतलब है, गरीब से गरीब का विकास, दलित, वंचित, आदिवासियों का विकास करना।

## 'संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में रिश्वत लेकर वोट देने वाले माननीयों को अभियोजन से राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव के मामले में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया। सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती।

फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं।' नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों को वोट के बदले नोट लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमे) से छूट देने का फैसला सुनाया था। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है। पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए फैसले की जो व्याख्या की गई है, वो संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है।'

## स्वदेशीकरण की जरूरतः राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए डेफकनेक्ट सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल विवेक आर चौधरी और रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने भी शामिल हुए।

## "सूर्य मिशन' लॉन्च के दिन इसरो चीफ में कैंसर का चला पता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कैंसर** वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्या है। हालिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ में कैंसर का निदान हुआ है। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है। तारमक मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया, आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। इंटरव्यू में इसरो चीफ बताते हैं, ये मेरे और परिवार के लोगों के लिए काफी चौंका देने वाली स्थिति थी, पर उपचार ही इसका एकमात्र तरीका था जो समय पर होना भी जरूरी था। कैंसर का इलाज संभव है, ये लाइलाज नहीं है।

## हिमाचलः सरकारी कर्मचारियों-पेंशनरों को मिलेगा संशोधित वेतनमान का एरियर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः हिमाचल प्रदेश** में कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले लाखों कर्मचारियों व पैंशनरों को रिझाने का प्रयास किया है। सुक्खू सरकार ने नियमित सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है। नियमित कर्मचारियों को 1 जुलाई 2022 से देय महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भी भुगतान किया जाएगा। दरअसल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते 17 फरवरी को विधानसभा में अगले वितीय वर्ष का बजट पेश करते समय दो लाख सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नए वेतनमान



का एरियर देने और करीब साढ़े तीन लाख कर्मियों-पेंशनरों को चार फीसदी महंगाई भत्ता जारी करने की घोषणा की थी। वित विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसचूना के मुताबिक संशोधित वेतनमान के कुल एरियर का 1.5 फीसदी मार्च और तीन फीसदी भुगतान वार्षिक रूप से वित्तीय वर्ष 2024 में किया जाएगा जो प्रति माह कुल बकाया का 0.25 फीसदी की दर से वितरित किया जाएगा। संशोधित वेतनमान का एरियर वेतन-पेंशन के साथ मासिक रूप से वितरित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नियमित सरकारी कर्मचारियों के वेतन के साथ महंगाई भत्ते का बकाया 1.5 फीसदी की मासिक दर से वितरित किया जाएगा।

## दिल्ली बजटः हर महिला को 1000 रुपये महीना देगी केजरीवाल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त योजनाओं की घोषणा करने की जो राजनीति शुरू की थी, उसने उन्हें दिल्ली में अजेय बना दिया। इन्हीं मुफ्त की योजनाओं के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के बाद पंजाब में भी शानदार जीत हासिल की और बाद में राष्ट्रीय पार्टी भी बन गई। अब जबकि अरविंद केजरीवाल के ऊपर लोकसभा चुनावों से ठीक पहले शराब घोटाले में गिरफ्तार किए जाने



का खतरा मंडरा रहा है, दिल्ली सरकार ने मुफ्त की घोषणाओं को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। पार्टी ने राजधानी की हर महिला को एक हजार रुपये प्रति माह देने की घोषणा कर दी है।

आम आदमी पार्टी ने स्वयं इसे राजधानी में राम राज्य आने की संज्ञा दी है। अरविंद केजरीवाल सरकार की इन घोषणाओं से गरीब-झुग्गी-झोपड़ी वालों के बीच उसकी लोकप्रियता को एक बार और बढ़ा सकते हैं।

दिल्ली सरकार में वित्त मंत्री आतिशी मारलेना ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा है कि अगले साल से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की शुरूआत की जाएगी।

## महिलाओं को सुक्खू सरकार की सौगात, हर महीने मिलेंगे 1500 रुपए

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 18 से 80 वर्ष आयु की सभी महिलाओं को जीवनभर के लिए नए वित्तीय वर्ष में 1500 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति के बाद वित्त वर्ष 2024-25 से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। योजना से करीब पांच लाख से अधिक महिलाओं को लाभ होगा। इसके लिए फॉर्म भरे जाएंगे। इस योजना से प्रत्येक परिवार सीधे-सीधे जुड़ेंगे। इस



योजना पर 800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष खर्च होगा। कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को पहले से पेंशन दी जा रही है, जिसे इस योजना के तहत 1150 से बढ़कर 1500 रुपये किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्ष पहले कांग्रेस की सरकार बनी। खराब आर्थिक स्थिति थी, उस पर नियंत्रण साधा। जिस प्रदेश पर 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज हो, कर्मचारियों की 10 हजार करोड़ रुपये की देनदारियां थीं। लेकिन अपनी सार्थक नीतियों व कार्यक्रमों के बाद हमने इसका सामना किया। इसके बाद राज्य में आपदा आई। करीब चार हजार घर पूरे नष्ट हो गए। परिवारों की सहायता करने के लिए हमने कानून बदल दिया। जब कांग्रेस सरकार बनी तो जनता को कुछ गारंटियां देने का वादा किया था। पहली ही कैबिनेट बैठक में पहली गारंटी पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया। दूसरी 650 करोड़ रुपये की गारंटी राजीव गांधी स्टार्टअप योजना को तीन चरणों में शुरू की। तीसरी अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलने की थी, उसे इस सत्र से पूरा किया जा रहा है।




# वित्त मंत्री ने पेश किया 76,000 करोड़ रुपये का बजट

## दिल्ली में 18+ महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार, बजट के दौरान वित्त मंत्री की घोषणा, बोलीं- राम राज्य के लिए 9 साल दिन-रात मेहनत की

**रामराज्य..**

**8 ओटीएस को एलजी की ओर से अनुमति नहीं मिल रही, वहीं भाजपा का कहना है कि बढ़े हुए बिल जल बोर्ड के नए मीटरों के कारण आ रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी मार्लेना ने सोमवार (4 मार्च) को साल 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। आतिशी ने बजट में 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसके लिए सरकार महिला सम्मान योजना लेकर आई है। आतिशी ने विधानसभा में बजट के दौरान अपने भाषण में कहा, "अब तक अमीर का बच्चा अमीर होता था, गरीब का बच्चा गरीब ही रह जाता था। यह राम राज्य की परिकल्पना के उलट था। केजरीवाल सरकार ने इसे बदला है। आज मजदूरों के बच्चे भी मैनेजिंग डायरेक्टर बन रहे हैं।

**दिल्ली में राम राज्य:** आतिशी ने कहा, "इस सदन में मौजूद सभी लोग भगवान राम से प्रेरित हैं। हम पिछले 9 साल से राम राज्य का सपना पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। हमने दिल्ली के लोगों को खुशहाली देने की कोशिश की है। अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है, लेकिन हमने पिछले 9 साल में काफी कुछ कर भी दिया है।"

**स्कूली शिक्षा पर फोकस:** आतिशी ने कहा, "केजरीवाल सरकार ने पुरानी चीजों को बदल दिया है। अब दिल्ली में मजदूरों के बच्चे मैनेजिंग डायरेक्टर बन रहे हैं। केजरीवाल सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2121 बच्चों ने जेईई और नीट के एग्जाम पास किए। शिक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

2015 में हमने शिक्षा बजट को दोगुना कर दिया। हमने अपने बजट का एक चौथाई हिस्सा सिर्फ शिक्षा पर खर्च किया है। इस साल हमने शिक्षा के लिए 16 हजार 396 करोड़ का बजट रखा है।"

**दिल्ली की बदलती तस्वीर:** दिल्ली की वित्त मंत्री बोलीं, "2014 में दिल्ली की 4.95 करोड़ थी और पिछले 10 साल में ये करीब ढाई गुना बढ़कर 11.08 लाख करोड़ हो गई है। प्रति व्यक्ति आय 2014 में 2.47 लाख सालाना थी और अब ये 4.62 लाख हो गई है। हमने सिर्फ केजरीवाल सरकार का 10वां बजट ही नहीं पेश किया है, बल्कि 10 सालों में दिल्ली की बदलती तस्वीर को पेश किया है।"



### स्वास्थ्य के बजट में लगातार तीसरे साल कटौती, एंबुलेंस सेवा में होगा विस्तार

**दिल्ली** सरकार ने बजट में राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले हर व्यक्ति को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। शिक्षा और आवास एवं शहरी विकास के बाद तीसरा सबसे ज्यादा बजट स्वास्थ्य क्षेत्र को आवंटित किया गया है, लेकिन स्वास्थ्य के बजट में लगातार तीसरे वर्ष कटौती हुई है। पिछले बार के मुकाबले ही इस बार स्वास्थ्य का बजट 10.84 प्रतिशत कम किया गया है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कोई बहुत बड़ी नई योजना की घोषणा नहीं की गई है। निमार्णाधीन अस्पतालों व मौजूदा अस्पतालों के विस्तार की योजनाओं को पूरा करने पर ही जोर होगा। साथ ही दिल्ली सरकार कैट्स एंबुलेंस सेवा में विस्तार करेगी।

**स्वास्थ्य के लिए 8,685 करोड़ रुपये का प्रावधान:** आगामी वित्त वर्ष के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 8,685 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। यह दिल्ली के कुल बजट का करीब 11 प्रतिशत हिस्सा है और यह पिछले वर्ष की तुलना में 1057 करोड़ कम है। वहीं वर्ष 2021-22 से तुलना करें तो स्वास्थ्य का बजट 1249 करोड़ कम हो चुका है। वर्ष 2020 में कोरोना का संक्रमण शुरू होने पर वर्ष 2021-22 में स्वास्थ्य के बजट में बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद लगातार स्वास्थ्य के बजट में कटौती देखी जा रही है।



**परियोजनाओं व स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बजट 29 प्रतिशत कम:** चिकित्सा क्षेत्र की परियोजनाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बजट में करीब 29 प्रतिशत तक कटौती हुई है। इस वजह से चिकित्सा परियोजनाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बजट 1407 करोड़ रुपये कम हो गया है। अस्पतालों के निर्माण और मौजूदा अस्पतालों के विस्तार के लिए सरकार अगले वित्त वर्ष में 400 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

### अस्पतालों में डेढ़ गुना अधिक मरीजों का इलाज

**बजट** में कहा गया है कि वर्ष 2014 में दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 9534 बेड थे जो अब बढ़कर 13,708 हो चुके हैं। इससे पहले के मुकाबले अस्पतालों में डेढ़ गुना अधिक मरीजों का इलाज हो पा रहा है। 11 निर्माणाधीन अस्पतालों का कार्य पूरा होने पर अस्पतालों में 11,500 बेड बढ़ जाएंगे। इसके अलावा मौजूदा अस्पतालों के विस्तार की योजना पर भी काम चल रहा है। इससे भी अस्पतालों में बेड बढ़ेंगे। अस्पतालों में मरीजों को निशुल्क दवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार 658 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बजट में दावा किया गया है कि पहले दिल्ली के लोगों की आय का 15 प्रतिशत हिस्सा इलाज पर खर्च करना पड़ता था। अब मोहल्ला क्लीनिक, निजी अस्पतालों में निशुल्क सर्जरी, हादसा पीड़ितों के निशुल्क इलाज व निशुल्क जांच की योजनाओं से इलाज का खर्च कम हुआ है।

### खरीदी जाएंगी अत्याधुनिक एंबुलेंस

**दिल्ली** कैट्स एंबुलेंस सेवा के बेड़े में वर्ष 2014 में 155 एंबुलेंस थीं। मौजूदा समय में 380 एंबुलेंस मौजूद हैं। सरकार का दावा है कि दस वर्षों में जरूरतमंदों की मदद के लिए एंबुलेंस के पहुंचने का समय 55 मिनट से घटकर महज 15 मिनट रह गया है। अब 194 करोड़ की लागत से नई एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। इसमें एडवांस लाइफ सपोर्ट व बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस शामिल होंगी। इससे एंबुलेंस सेवा बेहतर होगी। दिल्ली में चार वित्त वर्षों में स्वास्थ्य के बजट (करोड़ रुपये में), दिल्ली के कुल बजट में स्वास्थ्य के बजट की हिस्सेदारी (प्रतिशत) के आंकड़े

### मुफ्त बिजली योजना का मिलता रहेगा लाभ

**दिल्ली** के उपभोक्ताओं को इस वित्त वर्ष में भी निश्शुल्क बिजली योजना का लाभ मिलता रहेगा। इस समय 40.22 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को दिल्ली सरकार की बिजली सब्सिडी का लाभ मिल रहा है। बजट में इस योजना को जारी रखने की घोषणा की गई है। इस वित्त वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र के लिए 3353 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव है। यह पिछले वर्ष की तुलना में पांच करोड़ अधिक है। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि वर्ष 2014 तक आठ-आठ घंटे तक बिजली की कटौती होती थी। लोगों के घरों में भारी-भरकम बिल आता था। अब स्थिति बदल गई है। दिल्लीवासियों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। पिछले नौ वर्षों में बिजली की अधिकतम मांग 58 सौ मेगावाट से बढ़कर 7438 तक पहुंच गई है, लेकिन बिजली कटौती नहीं हुई। यहां 22 लाख से अधिक परिवारों को शून्य बिजली बिल आता है।

**क्या है योजना और पात्रता?**

दरअसल, इस योजना का नाम मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना है, जिसे दिल्ली सरकार ने शुरू किया। इस योजना का लाभ सिर्फ महिलाओं को मिलेगा।

वहीं, बात अगर पात्रता की करें, जिन महिलाओं की उम्र 18 साल या उससे ज्यादा है वो आवेदन करने के लिए पात्र मानी जाएंगी। इसके अलावा स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियां, नौकरी करने वाली वे महिलाएं जिनकी सैलरी टैक्स के अंदर नहीं आती है जो महिलाएं असंगठित क्षेत्र में काम करती हैं। गृहिणी, जिन्हें सरकारी पेंशन नहीं मिलती है।

**मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की पात्रता क्या है?** वहीं, जो महिलाएं दिल्ली की हैं वे ही सिर्फ इस योजना से जुड़ पाएंगी। इसके लिए महिलाओं के पास वोटर आईडी कार्ड होना अनिवार्य होगा। ऐसे में अगर आपके पास उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब या अन्य जगह का वोटर आईडी कार्ड है, तो आप पात्र नहीं माने जाएंगे। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ की बात करें, तो इस बारे में दिल्ली सरकार की वित्त मंत्री ने सदन में जानकारी देते हुए बताया कि पात्र महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये का लाभ मिलेगा।

**कैसे कर पाएंगे आवेदन?**

वैसे अभी मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के बारे में सरकार की तरफ से आवेदन के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आवेदनकर्ता को आवेदन फॉर्म भरना होगा और साथ में अपने दस्तावेज और बैंक खाते की जानकारी देनी होगी।

**30 प्रतिशत बिजली हरित ऊर्जा संयंत्रों से:** दिल्ली में बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के साथ ही पर्यावरण का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस समय राजधानी में 30 प्रतिशत बिजली आपूर्ति हरित और नवीकरणीय ऊर्जा से स्त्रोत से आती है। दिल्ली में इस समय 255 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगे हुए हैं। दिल्ली में 1280 सरकारी इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लग गए हैं।

इस वर्ष सभी सरकारी इमारतों में यह सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य 2027 तक कुल बिजली आपूर्ति का 25 प्रतिशत या 45 सौ मेगावाट हरित ऊर्जा से प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।



दिल्ली सरकार में वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को बजट पेश करने से पहले अआप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मां और पत्नी का आशीर्वाद लिया।

## आप को कोर्ट से झटका, 15 जून तक खाली करना होगा पार्टी कार्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने राऊज एवेन्यू में दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर बनाए गए आप कार्यालय को खाली करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिस जमीन पर आप ने अपना दफ्तर खोला है, वह दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित किया गया था। आप को 15 जून तक दफ्तर खाली करने को कहा गया है। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने कार्यालय की जमीन से जुड़े विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। सर्वोच्च न्यायालय को पार्टी ने बताया कि उसने राउज एवेन्यू में दिल्ली हाई कोर्ट की जमीन पर कब्जा नहीं किया है। यह जमीन 2015 में उसे आवंटित की गई थी।

**पार्टी को वैकल्पिक जमीन दी जाए:** वहीं पार्टी ने कहा कि वह परिसर खाली करने के लिए तैयार है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करे कि उसे राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के अनुसार, एक वैकल्पिक जमीन आवंटित की जाए।

## ईडी का समन गैरकानूनी: केजरीवाल

**साधा निशाना**

**8 सीएम ने शराब नीति घोटाला मामले में ईडी के बार-बार समन भेजे जाने पर सोमवार को जवाब दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** सीएम अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति घोटाला मामले में ईडी के बार-बार समन भेजे जाने पर सोमवार (4 मार्च) को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ईडी का समन गैरकानूनी है, पर वे फिर भी जवाब देने को तैयार हैं। केजरीवाल ने एजेंसी से कहा- मुझे 12 मार्च के बाद की तारीख दीजिए। उसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हो जाऊंगा। ईडी ने शराब घोटाला केस में पूछताछ के लिए केजरीवाल को अब तक 8 समन भेजे हैं। हालांकि, केजरीवाल एक बार भी एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। उन्हें आठवां समन 27 फरवरी को भेजा गया था और 4 मार्च को पेश होने को बुलाया गया। इससे पहले 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को भी उन्हें समन भेज गया था। केजरीवाल जब 26 फरवरी को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे, तब आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा था- मामला कोर्ट में लंबित है और इसकी सुनवाई 16 मार्च को है। रोजाना समन भेजने की जगह ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। हम इंडिया अलायंस नहीं छोड़ेंगे। मोदी सरकार को इस तरह हम पर दबाव नहीं बनाना चाहिए।



**कोर्ट में 16 मार्च को समन पर सुनवाई:** वहीं, ईडी ने लगातार समन के बावजूद केजरीवाल के पेश नहीं होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने 14 फरवरी को केजरीवाल से कहा था कि आप 17 फरवरी को अदालत में हाजिर होकर पेशी में न जाने की वजह बताएं। तब केजरीवाल दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बजट सेशन के कारण वर्चुअली कोर्ट में पेश हुए थे। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि हम अगली सुनवाई 16 मार्च को करेंगे। केजरीवाल उस दिन कोर्ट में पेश होंगे।

**ईडी को गिरफ्तारी का अधिकार:** सीएम केजरीवाल के बार-बार पेश नहीं होने पर ईडी उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी कर सकती है। उसके बाद भी पेश नहीं हुए तो धारा 45 के तहत गैर जमानती वारंट जारी कर सकती है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के जानकार बताते हैं कि पेश नहीं हो पाने की ठोस वजह बताई जाती है तो एऊसमय दे सकती है। फिर दोबारा नोटिस जारी करती है। पीएमएलए में नोटिस की बार-बार अवहेलना पर गिरफ्तारी हो सकती है। अगर ईडी केजरीवाल आगे भी पेश नहीं होते हैं तो जांच अधिकारी आवास पर जाकर पूछताछ कर सकते हैं। ठोस सबूत होने पर या सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं।

## बच्ची की मौत को लेकर पिता ने मांगा हर्जाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में कुत्तों के बढ़ते हमले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने से वे खूंखार हो रहे हैं और लोगों पर हमले हो रहे हैं। कुत्ते के झुंड के हमला करने से बेटी को खोने वाले एक पिता की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने उक्त टिप्पणी करते हुए दिल्ली सरकार, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। तुगलक लेन के धोबी घाट इलाके में 18 महीने की बच्ची मौत के बाद उसके पिता ने 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की थी। अदालत ने अधिकारियों को 10 दिनों में अपना जवाब दाखिल कर बताने को कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।



**मौलिक अधिकार का बताया उल्लंघन:** याचिकाकर्ता राहुल कनौजिया ने कहा कि एनडीएमसी की लापरवाही और प्रशासनिक चूक के कारण उनकी डेढ़ साल की बेटी के साथ ऐसी घटना हुई। यह भी तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार लोगों के जीवन को बचाना और उनकी रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। एनडीएमसी की ओर से इस तरह की लापरवाही और प्रशासनिक चूक ने मृत बच्चे और याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है।

**ये थी पूरी घटना:** 24 फरवरी की शाम यह घटना तब हुई थी, जब बच्ची अपने घर के बाहर बैठी थी और चार से पांच कुत्तों ने उस पर हमला किया। कुत्तों ने बच्ची को काफी दूरी तक घसीटा था और उसे नोच डाला था। इसके कारण उसकी मौत हो गई थी।

## 'फ्लाइट में बम है': बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने ई-मेल भेजकर दिल्ली से कोलकाता जाने वाले विमान में बम की झूठी सूचना देने वाले एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद नजरुल इस्लाम के रूप में हुई है। तकनीकी जांच के जरिए पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे कोलकाता स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि अपने साले से मिलना नहीं चाहता था और उसे कोलकाता आने से रोकने के लिए वारदात को अंजाम दिया। ईमेल आईडी की जांच में पता चला कि आरोपी ने ईमेल भेजने से कुछ देर पहले आईडी बनाई थी।

# पैनिक बटन लगाने में 100 करोड़ का घोटाला, अब तक मुकदमा नहीं हुआ दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महिलाओं की सुरक्षा के लिए डीटीसी व कलस्टर बसों के अलावा टैक्सी व ऑटो में पैनिक बटन व जीपीएस सिस्टम लगाए जाने के बहाने 100 करोड़ से अधिक का घोटाला किए जाने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। आठ माह में एसीबी विजिलेंस सचिव को पांच से ज्यादा बार पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने के लिए अनुमति मांग चुकी है, लेकिन अबतक अनुमति नहीं मिल पाने से इस बड़े घोटाले की जांच एसीबी नहीं कर पा रही है। एसीपी जरनैल सिंह का कहना है कि प्रारंभिक जांच में घोटाले की पुष्टि होने पर विजिलेंस सचिव सुधीर कुमार को पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने के लिए अनुमति देने की मांग की गई थी। नियम कहता है कि विजिलेंस सचिव से उक्त पत्र को ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के पास भेज दिया जाता है। दो माह के अंदर जवाब देना होता है। परिवहन विभाग को अगर उक्त मामले में कानूनी सलाह लेना होता है तब एक माह का अतिरिक्त समय दिया जाता है।

**परमिशन नहीं**

**8 एसीबी विजिलेंस सचिव को पांच से ज्यादा बार पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने के लिए अनुमति मांग चुकी है**

यानी तीन माह के अंदर जवाब देने का प्रविधान है, लेकिन अब तक परिवहन आयुक्त से विजिलेंस सचिव को अनुमति नहीं मिली है, जिसे विजिलेंस सचिव उक्त पत्र को एसीबी को सौंप सके।




**ऑडिट में सामने आई भारी अनियमितता:** संयुक्त आयुक्त एसीबी मधुर वर्मा का कहना है कि बीते जून में पैनिक बटन के मामले में खामियां सामने आने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने टैक्सियों, ऑटो, डीटीसी और क्लस्टर बसों में लगे पैनिक बटन का ऑडिट करने के निर्देश दिए थे। ऑडिट में भारी अनियमितता पाई गई थी। 112 (पुलिस के कमांड और कंट्रोल रूम) नंबर से पैनिक बटन कंट्रोल रूम की कोई कनेक्टिविटी ही नहीं पाई गई थी जिस कारण तीन साल में एक बार भी कॉल पुलिस कंट्रोल रूम को नहीं आई जबकि कई बसों में महिलाओं को दिक्कत आई होगी और उन्होंने आपात स्थिति में पैनिक बटन दबाया भी होगा।

**कंपनी को किया 95 करोड़ का भुगतान:** इस तरह का फर्जीवाड़ा सामने आने पर इसे गंभीरता से जांच कराने के निर्देश दिए गए। एसीबी के अधिकारी का कहना है कि सरकार द्वारा दावा किया जाता रहा कि सभी बसों में पैनिक बटन व सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। करीब 5500 बसों में पैनिक बटन जैसे डिवाइस लगाए गए थे जिनमें वर्तमान में 4600 बसें अभी सडकों पर चल रही हैं। बसों में डिवाइस लगाने के लिए एक कंपनी को 95 करोड़ का भुगतान किया गया। इसके अलावा 3000 रुपये प्रति माह प्रति बस के मेंटेनेंस पर अलग से खर्च किया जा रहा है, लेकिन महिलाओं को इससे कोई फायदा नहीं होने पर सारा खर्च बेकार जा रहा है। बसों में जो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं उसे मानीटर करने के लिए 41 व्यूइंग सेंटर तो बना दिए गए, लेकिन उनमें एक में भी कर्मचारी नहीं मिला था। सीसीटीवी कैमरे भी अधिकतर खराब पाए गए थे। एसीबी ने बसों के ड्राइवरों के साथ रेंडम परीक्षण कॉल किए थे जिसमें बसों के वाकी-टाकी के साथ रेडियो सेट की कनेक्टिविटी भी नहीं पाई गई थी। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया था कि दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड (डीआइएमटीएस) में पैनिक बटन अलार्म की निगरानी के लिए कश्मीरी गेट बस अड्डा में बनाए गए नियंत्रण कक्ष काम नहीं कर रहा था।

# कल दिल्ली कूच करेंगे किसान व 10 को रोकेंगे ट्रेनें

## किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा है कि जो किसान बॉर्डर पर धरने दे रहे हैं वो वहीं धरना देंगे

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अपनी मांगों को लेकर हरियाणा-पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 21 दिनों से डटे हुए हैं। इस दौरान कई बार किसानों और सरकार में संघर्ष भी हो चुका है। इस आंदोलन के दौरान अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकल पाया है। 3 मार्च को आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के बाद अब किसानों ने आगे की रणनीति तैयार की है। अब किसान 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे और 10 मार्च को पूरे देश में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक ट्रेनें रोकने का काम करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा है कि जो किसान बॉर्डर पर धरने दे रहे हैं वो वहीं धरना देंगे।



उनके अलावा देशभर से किसान दिल्ली कूच करेंगे। लेकिन, जो किसान दोनों बॉर्डरों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर बैठे हैं, वे वहीं धरना देंगे। ये ऐलान किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने रविवार (3 मार्च) को बठिंडा में शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के दौरान मंच से किया था। इस ऐलान के बाद किसान अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। किसान आंदोलन को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। एक याचिका में कहा गया है कि किसानों को धरना प्रदर्शन का अधिकार है। उन्हें दिल्ली जाने और प्रदर्शन करने से रोका न जाए। याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट सरकार को निर्देश दे कि किसान जिन मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार उन पर विचार करें। बता दें कि याचिका द सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर

**घेरने की तैयारी**

8 अपनी जान गंवाने वाले शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के बाद अब किसानों ने आगे की रणनीति तैयार की है

अग्नोस्तोस थिओस ने दायर की हुई है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि पुलिस ने रास्ते में जो अवरोध बनाया है उससे आम आदमी को समस्या हो रही है। उस अवरोध को हटाया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस बल प्रयोग की जांच और पुलिस कार्रवाई में घायल व मारे गए किसानों के परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

# भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष साहिल सुधा का हुआ स्वागत



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में भाजपा युवा मोर्चा को ओर अधिक मजबुत बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

इस युवा मोर्चा के साथ नए कार्यकर्ताओं को साथ जोड़ा जाएगा ताकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को जिताने में युवा मोर्चा अहम भूमिका निभाए। जिला अध्यक्ष साहिल सुधा आज विभिन्न गांवों में ग्रामीणों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बोल रहे थे। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा का गांव अमीन, बारवा, बारना, हथीरा सहित अन्य गांवों में जोरदार स्वागत किया गया।

**भव्य**

8 साहिल सुधा का गांव अमीन, बारवा, बारना, हथीरा सहित अन्य गांवों में जोरदार स्वागत किया गया

इन कार्यक्रमों में बोलते हुए साहिल सुधा ने कहा कि युवाओं को मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है, प्रत्येक युवा अपने मत का प्रयोग करें और जिन युवाओं ने 18 साल पूरे होने के बाद भी अपना वोट नहीं बनवाया, वह जल्दी से अपना वोट बनवा ले। उन्होंने कहा कि इन गांवों में युवा चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं योजनाओं का प्रचार किया एवं सभी को सरल नमो ऐप से जुड? का अनुरोध किया।

# खेल मनुष्य के जीवन में उत्साह लेकर आता है: विनोद



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को केयूके गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैचों का हुआ आगाज हुआ। प्रतियोगिता में पहला मैच केयू एडमिन प्लेयर्स टीम व केयू वॉरिसर्य प्लेयर्स की टीम के बीच खेला गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने टॉस उछालकर प्रतियोगिता के पहले मैच का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन में उत्साह, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास, नव उर्जा का संचार व सहयोग की भावना विकसित करते हैं।

टॉस जीतकर केयू वॉरियर्स प्लेयर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 103 रन ही बना पाई। वहीं केयू एडमिन प्लेयर्स की टीम ने पहले ही ओवर दो विकेट जल्दी खो दिए। बारिश के कारण दो बार मैच को रोकना पड़ा वहीं दोनो

**उद्घाटन**

8 केयूके गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैचों का हुआ आगाज

फील्ड अम्पायर्स द्वारा बारिश रूकने पर दोनों टीमों के कप्तानों से सलाह करने के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया। एडमिन प्लेयर्स की ओर से सुमित ने 53 गेंदों में 7 चौके लगाकर 55 रनों की तथा रवि चौहान ने 32 रनों की नाबाद पारी खेलकर 16वें ओवर में ही अपनी टीम को जीत दिलाई। सुमित ने गेंदबाजी से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट झटके। प्रतियोगिता का अगला मैच रविवार को सुबह केयू स्टार इलेवन व अकाउंट ब्रांच के बीच तथा दोपहर बाद केयू रजिस्ट्रार इलेवन व केयू वॉरिसर्य प्लेयर्स के बीच खेला जाएगा।

# समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**समालखा**

**कुलदीप सिंह:** समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने ग्रामीण क्षेत्र की नौ अप्रूवड़ आवासीय कालोनियों में विकास कार्य कराने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करके एसडीएम अमित कुमार की मार्फत मुख्यमंत्री को मांग पत्र भिजवाया। संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पी पी कपूर ने बताया कि सरकार ने समालखा और इसकी सीमा के साथ लगती नौ अवैध कालोनियों को अप्रूव तो कर दिया। लेकिन इन कालोनियों में पेयजल, सीवर पाइप लाइन बिछाना,साफ सफाई कराना,गलियां पक्की करना, स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी जरूरतें उपलब्ध





कराना भूल गई । यहाँ कोई अधिकारी सुध लेने तक नहीं आया। इन अप्रूव्ड कालोनियों में चुलकाना रोड़ की शास्त्री कालोनी,किवाना मोड कालोनी, जीटी रोड़ की श्री तारा एंकलेव कालोनी, गाँव पावटी की मयूर विहार कालोनी,चंदन गार्डन कालोनी,सीता राम कालोनी एक्सटेंशन, गांधी कालोनी एक्सटेंशन, श्री तारा एंकलेव कालोनी एक्सटेंशन, कच्ची ऑफिसर कालोनी शामिल हैं। टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा स्वीकृत की गई यह सभी नौ कालोनियां फिलहाल नगर पालिका सीमा से बाहर गांव पावटी,पट्टी कल्याणा,किवाना और समालखा गांव के रकबा में स्थित हैं।

**विरोध**

8 सरकार ने समालखा और इसकी सीमा के साथ लगती नौ अवैध कालोनियों को अप्रूव तो कर दिया

कपूर ने सरकार से पूछा कि इन कालोनियों को अप्रूव करने का क्या फायदा हुआ,जब यहाँ कोई विकास कार्य ही नहीं करवाए जा रहे। लोग यहाँ नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

कोई सुध लेने वाला नहीं।

संधर्ष मोर्चा संयोजक कपूर ने नगरपालिका सीमा के साथ लगते ग्रामीण एरिया में अप्रूवड़ की गई सभी नौ कालोनियों में गलियां पक्की करने,पेयजल व सीवर पाइप लाइन बिछाने,साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारी नियुक्त करने, डोर टू डोर कूड़ा उठाने व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की मांग की है।

प्रदर्शनकारियों में मोर्चा संयोजक पीपी कपूर,वेदपाल सिंह, रोहित लाहोट,विजेंद्र धीमान,एडवोकेट दयानंद पंवार,जेजेपी नेता सुभाष धीमान,जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य लेखराज खट्टर,डॉक्टर बिजेंद्र रोहिल्ला, एडवोकेट पंकज छौक्कर, अनिल पांचाल, जगपाल,एडवोकेट विनय, एडवोकेट संजय आदि शामिल रहे।

# हरिओम शर्मा को रत्नश्री अवार्ड-2024 से किया गया सम्मानित

**सोनीपत:** नई दिल्ली में आयोजित समारोह में हरियाणा स्टेट भारत स्काउट एंड गाइड के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर हरिओम शर्मा को रत्नश्री अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड शिक्षा, खेल, समाज सेवा ओर स्काउटिंग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने दिया गया। हरिओम शर्मा ने बताया ए आर एंटरटेनमेंट ग्रुप और गुरु शरण के सहयोग से नई दिल्ली के ल्युक्सरा होटल कि आयोजित समारोह में नेशनल स्कूल ड्रामा के पूर्व डायरेक्टर दिनेश खन्ना के उन्हें रतनश्री अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया।

# कल 1504 रामभक्तों को अयोध्या लेकर जाएगी ट्रेन: रवि

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** 5 मार्च को अयोध्या जाने वाली ट्रेन को लेकर राम भक्तों में अत्याधिक खुशी व्याप्त है। भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बत्तान ने बताया कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से अयोध्या जाने वाली ट्रेन 5 मार्च को रात 8:00 बजे अयोध्या के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन में 1504 रामभक्त अयोध्या के लिए रवाना होंगे। 5 मार्च की रात इस ट्रेन में सवार होकर जानें वाले राम भक्तों को मात्र 1175 रुपए आने जाने का किराया अदा करना पड़ेगा और इस 1175 में आने जाने का



किराया,दो समय का लंच, डिनर और शाम की चाय भी मिलेगी । मंगलवार 5 मार्च की रात कुरुक्षेत्र से रवाना होकर यह ट्रेन बुधवार 6 मार्च को दोपहर 12:55 पर रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी जहां रामलला के दर्शन करने व अयोध्या नगरी का भ्रमण करने के उपरांत सभी रामभक्त वीरवार 7 मार्च को रात करीब 10:00 बजे आस्था एक्सप्रेस में सवार होकर कुरुक्षेत्र के लिए वापसी करेंगे । शुक्रवार 8 मार्च को यह ट्रेन दोपहर 2:00 बजे कुरुक्षेत्र स्टेशन पर पहुंचेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बत्तान ने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से 1504 रामभक्त 5 मार्च को अयोध्या जाने के लिए शाम 6:30 बजे कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे जहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ,विधायक सुभाष सुधा राम भक्तों को संबोधित करेंगे और रात करीब 8:00 बजे इस ट्रेन को हरि झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना करेंगे ।

**रामलला के दर पर**

8 5 मार्च की रात इस ट्रेन में सवार होकर जानें वाले राम भक्तों को मात्र 1175 रुपए आने जाने का किराया अदा करना पड़ेगा

# 'इंडिया गठबंधन प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीतेगा'



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि प्रदेश में इंडिया गठबंधन सभी 10 लोकसभा सीटों को जीतने का काम करेगा। इंडिया गठबंधन के पक्ष में प्रदेश में लहर चल रही है और यह लहर भाजपा की नाव को डुबोने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी और अपराधों से मुक्ति जाना चाहता है। केवल इंडिया गठबंधन ही मुक्ति दिलाने में सक्षम है। लखनऊ में भू समृद्धि डेवलपर प्रोजेक्टस के चीफ प्रमोटर एवं एमडी एस समीर के प्रतिष्ठान पर चर्चा करते हुए मधुसूदन बवेजा ने कहा कि इंडिया गठबंधन इस बार मजबूत स्थिति में है और भाजपा और उसके सहयोगी दलों को करारी हार देगा। देश की जनता ने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराधों से मुक्ति पाने के लिए इंडिया गठबंधन को सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

लखनऊ पहुंचने पर भू समृद्धि डेवलपर प्रोजेक्टस के चीफ प्रमोटर एवं एमडी एस समीर ने एडवोकेट मधुसूदन बवेजा व विजय मेहता का स्वागत किया। उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन भी किए। कहा कि अबकी बार जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ने वाली नहीं हैं। वोट की चोट से जनता भाजपा को करारी हार देने का काम करेगी।

# जनता के प्यार के कारण ही योजनाएं चलाई जा रही: संदीप

**स्वागत किया**

8 ग्रामीण बोले: मात्र समाजसेवी संदीप गर्ग जनता के हर सुख-दुख में खड़े दिखाई देते हैं

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** गांव बकाली के श्री गुरू रविदास मंदिर में ग्रामीणों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा संदीप गर्ग का मंदिर में पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत



किया गया। ग्रामीण रोहित कुमार, पवन कुमार, अमन कुमार, मेहर सिंह, विनोद कुमार, रवि कुमार आदि ने कहा कि लाडवा हल्के को समाजसेवी संदीप गर्ग जैसा नेक दिल का इंसान मिलना गर्व की बात है, जो अपने निजी कोष से ही हल्के की जनता के लिए इतने कार्य कर रहा है, कई रसोईयां वलाई जा रही है, स्वास्थ्य को लेकर भी जागरूक कर रहे हैं और भी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में सभी नेताओं को लाडवा हल्के से बाहर करने का समय आ गया है, क्योंकि किसी ने भी वोट लेने के बाद जनता की सूध नहीं ली, केवल वाहवाही लूटने का काम किया। परंतु संदीप गर्ग एक मात्र ऐसे इंसान है जो बिना सरकार में हुए ही जनता की सेवा करने का तो काम कर ही रहे हैं। इसके साथ-साथ जनता के हर सुख-दुख में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उन्हें लाडवा हल्के की जनता बहुत प्यार देती है। जिसके कारण वह जनता के हित के लिए इतने कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्य वह अकेले नहीं कर सकते, हर काम में जनता का साथ चाहिए होता है और उन्हें जनता का भरपूर साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब हल्के की जनता विधानसभा चुनावों का इंतजार कर रही है और बदलाव भी चाह रही हैऔर इस बार विधानसभा चुनावों में जरूर बदलाव होगा।

# महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकार जागरूकता साप्ताहिक का हुआ आयोजन

**सोनीपत:** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के विधि विभाग के कानूनी सहायता केंद्र द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकार जागरूकता साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कानूनी सहायता केंद्र की समन्वयक डॉ अल्का भारती ने छात्राओं को साइबर अपराध एवं उनसे बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। विधि विभाग की पीएचडी शोधार्थी रश्मि ने महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हो रहे साइबर क्राइम के प्रकारों एवं इसके लिए बने कानूनों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# मुख्यमंत्री का रोजगार देने का दावा हुआ फेल : अनिका शुक्ला

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा** प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विधान सभा सत्र में दावा किया था कि 29 फरवरी तक 29000 बेरोजगारों को रोजगार देगें लेकिन मुख्यमंत्री अपना ये वादा पूरा नही कर सकें हैं हरियाणा में पिछले 9 साल से शिक्षण में कोई भर्ती नही हुई है, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इन भर्तियों को चुनाव से पहले करना चाहते थे मुख्यमंत्री की नियत सही ना होने के कारण जानबूझकर इन भर्तियों को रोक कर, लटका कर रखा था ताकी



आनेवाले लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में इसका भरपूर फायदा लिया जा सके। लेकिन भर्तियों का मामला अचानक से कोर्ट में चला गया जिस कारण से अब ये भर्तियां सरकार के गले की फांस बन गई है जहां मंहगाई और किसान आंदोलन ने भी सरकार को बुरी तरह से घेर रखा है कांग्रेस नेत्री अनिल शुक्ला ने कहा कि अगर अब हरियाणा सरकार शिक्षक भर्ती, ग्रूप डी भर्ती और ग्रूप सी की भर्ती नही की तो आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पडेगा ऐसा ही विधानसभा के चुनावों में भी होगा प्रदेश के युवाओं का ने अच्छे दिनों की चाह में भाजपा को वोट दिया था लेकिन अब बेरोजगार युवाओं को ये भी जुमला नजर आ रहा है आगे अनिका शुक्ला ने कहा कि बेरोजगार युवा प्रदेश सरकार से बहुत ही परेशान है।

# रविवार को 62227 बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में पोलियो की ड्राप पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में पोलियो उन्मूलन अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 1 लाख बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत रविवार को 62227 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। इस अभियान में 5 वर्ष तक की आयु के जिन बच्चों ने बूथ पर जाकर पोलियो की ड्रॉप नहीं पिलाई गई है।

# सोशल मीडिया पर इंदिरा गांधी, बेअंत सिंह व जर्नल वैद्य की हत्या की बात स्वीकार भय फैला रहे

## सोशल मीडिया पर खालिस्तानियों द्वारा डाली जा रही देश विरोधी वीडियो को सोशल मीडिया से

**कमाल हुसैन**

**पानीपत ,** एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य आज पानीपत में मॉडल टाउन गुरु तेग बहादुर कॉलोनी में पहुँचे जहां विश्व हिन्दू तख्त के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कपूर, ज़िला अध्यक्ष, मदन भारद्वाज, विकास ग्रोवर, राजू बठला,नवीन मनचंदा,सुरेन्द्र मक्कड़,हरीश परूथी,अनिल बजाज,कपिल गिरधर,विशाल, राजू, जश्न बजाज, राज कुमार शर्मा,गौरव बत्रा सहित सैंकड़ो लोगो ने शांडिल्य का जोरदार स्वागत किया। शांडिल्य ने यहाँ साहिल बतरा के निवास पर बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि कि आएं दिन सोशल मीडिया पर खालिस्तानी एवं भिंडरावाला समर्थक देश में दहशत का माहौल डालने के लिए प्रयास करते है और



सोशल मीडिया पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह एवं भारतीय सेना के पूर्व जर्नल अरुण वैद्य की हत्या करने की बात दोहराते है और भय फैलाने का काम करते है । शांडिल्य ने कहा आज देश में भय फैलाने वाले तमाम खालिस्तानी आतंकवादी जेलों में बंद है और अपने जुर्म की सजा काट रहे है पर बाहर बैठे खालिस्तानी देश का माहौल खराब कर रहे है । शांडिल्य ने बताया की उन्होंने आज भारत में गृहमंत्री अमित शाह, एनआईए एवं आईबी के डायरेक्टर को पत्र भेज इन तमाम खालिस्तानियों को गिरफ्तार कर जेल में डालने की मांग की है । शांडिल्य ने पत्र के साथ तमाम सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे देश विरोधी वीडियो क्लिप्स भी भेजी और उन्हें सोशल मीडिया साइट्स से हटवाने का आग्रह किया । वीरेश शांडिल्य ने कहा किसी कीमत पर खालिस्तान समर्थकों एवं जरनैल सिंह भिंडरावाला का प्रचार कर रहे और हत्या करने की बातों को जोरो शोरो से प्रचार कर भय फैलाने वालों को किसी कीमत पर एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दू तख्त बर्दाश्त नहीं करेगा। शांडिल्य ने कहा अगर जरूरत पड़ी तो वह पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी इन तमाम विडियो क्लिप को हटवाने के लिए याचिका दायर करेंगे और इस बारे गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात का समय लिया गया है और जल्द गृहमंत्री अमित शाह और पंजाब के राज्यपाल को खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा जाएगा । शांडिल्य ने कहा खालिस्तानियों के मंसूबों को किसी कीमत पर कामयाब नही होने देंगे और खालिस्तान ना कभी बना है और ना बनेगा । ऐसी सोच रखने वाले कट्टरपंथियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के होते महिलाओं को नहीं समझना चाहिए खुद को कमजोर : ऊषा

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। भाजपा** महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शिनी ने कहा कि आज देश व प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मोदी-मनोहर की सरकार में महिलाएं बुलंदियों को छू रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना एक ऐतिहासिक फैसला है।

ऊषा प्रियदर्शनी आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में टीएमसी नेता ने जो महिलाओं से दुष्कर्म करने का दुस्साहस किया है, वह बेहद ही शर्मनाक है। उसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। इस घोर कृत्य के लिए पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को शर्म आनी चाहिए कि उसके शासनकाल में उसके कार्यकर्ता महिलाओं से इस प्रकार का दुष्कर्म करने का काम कर रहे हैं और वह आंखों को बंद करके इस तरह की घटनाओं को अन्देखा कर रही हैं।



उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिमी बंगाल के संदेशखाली से होने कार्यक्रम का पूरे देश में लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी महिलाओं के सम्मान की लडाई लड़ रहे हैं। उनके होते हुए बहनों को अपने आपको कमजोर नहीं समझना चाहिए। नारी शक्ति को सशक्त बनाने का काम देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर रहे हैं। महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए महिलाओं को आगे आकर घर-घर जाकर महिलाओं को नरेंद्र मोदी की राम-राम का संदेश देना चाहिए, क्योंकि महिलाएं ही हर घर में किचन में जाने का काम कर सकती हैं।

उन्होंने विशेष तौर से महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि 6 मार्च को करनाल की नई अनाज मंडी में होने वाले लखपति दीदी महासम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विचारों को सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने का काम करें।

# राइस मिल में लगी आग, 50 लाख के नुकसान का अनुमान

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के बीड़ डंडारी गांव में स्थित गर्ग राइस इंडस्ट्री में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट को आगजनी का कारण माना जा रहा है। राइस मिल मालिकों की माने तो करीब 50 लाख का नुकसान हुआ है। आग की भयंकर लपटें देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की सात गाडि?ों ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



रविवार की शाम को अचानक ट्रांसफार्मर में चिंगारी उठी, जिसकी वजह से मिल में आग लगी। तेज हवाएं भी चल रही थी और इन हवाओं ने आग में घी डालने का काम किया। राइस मिल में आग फैलती गई, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कोई बाल्टी लेकर पानी से आग बुझाने का प्रयास करने लगा तो कोई पानी की पाइप लेकर आग पर काबू पाने लगा। लेकिन हालात बेकाबू हुए तो सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया।

गर्ग राइस इंडस्ट्रीज के सीएमडी सुभाष गुप्ता ने बताया कि राइस मिल में बिजली का शॉर्ट-सर्किट हुआ, जिसके बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया।

## न्यूज फ्लैश

### गढ़ी कला गांव के जी टी रोड की सर्विस लेन से टाटा गाड़ी चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** जी टी रोड के पास स्थित गढ़ी कला गांव से सर्विस लाइन पर खड़ी टाटा लोडिड गाड़ी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत गाड़ी के चालक ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी कला गांव के बिलाल ने बताया कि 3 मार्च की रात को करीब 12 बजे अपनी गाड़ी को खाली करने के बाद गढी कला मस्जीद के सामने सर्विस लेन खडी की थी और खड़ी करके घर पर चला गया था। शिकायत में बताया कि सुबह 6 बजे जब गाड़ी लेने के लिए आया तो गाड़ी खड़ी नही मिली। उसके बाद मस्जीद के सामने लगे कैमरे को चैक किया तो देखा कि कैमरे मे एक सफेद रंग की गाड़ी वहा पर आई जो कैमरे से आगे निकल कर गई, गाड़ी के निकलने के बाद दो मिनट के बाद दो लड़के फ्लाई ओवर की दिवार के साथ-साथ आए और कडंकटर साईड से गाड़ी मे घुस कर गाड़ी को चोरी कर ले गए। युवक की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इफको की डेलीगेट बनी आप नेता की बेटी हीना आंतिल

**राई: चंडीगढ़** में इफको की डेलीगेट का चुनाव हुआ। जिसमें आम आदमी पार्टी के शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल की बेटी हीना आंतिल को डेलीगेट चुनाव गया। उनकी नियुक्ति पर इफको के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि रोहतक व सोनीपत से पहली महिला इफको की डेलीगेट बनी है। हमारे लिए गर्व की बात है।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया



**राई: ताऊ** देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. संगीता सपरा ने किया।

अधिकारी अंकित ने मुख्यातिथि व गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। स्वयं सेविकाओं के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने सात दिवसीय शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्या ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का महत्व बताया तथा निस्वार्थ भाव से समाज के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रोफेसर ज्योति दहिया के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर युवाओं को देश हित में वोट देने के लिए जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन लेखन का कार्य भी किया गया। शिविर के शुभारंभ के अवसर पर डा. कोमल वर्मा सहायक प्रोफेसर, डा.अनुप्रिया सहायक प्रोफेसर, डा. मनोज दहिया सहायक प्रोफेसर, संगीता, कमला, डा.अजय दहिया सहायक प्रोफेसर के अलावा कालेज का स्टाफ मौजूद था।

# चचेरे भाई की ईंट और कस्सी मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** थाना मधुबन की टीम द्वारा नशे की हालत में अपने ही चाचा के लडके की ईंट और कस्सी मारकर हत्या करने वाले आरोपी बंटी उम्र 25 साल पुत्र पूर्ण चंद वासी अमृतपुर कलां को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर गांव में स्थित तालाब से वारदात में प्रयोग कस्सी को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी बंटी से की गई पूछताछ में पाया गया कि उसके पड़ोस में 3 मार्च को शादी थी। शादी में उसने और रामपाल ने शराब पी और वहां बज रहे डीजे पर डांस भी किया। जिनके घर शादी थी, उन्होंने वहा से इन दोनों को भगा दिया। उसके बाद आरोपी बंटी और रामपाल अपने घर की तरफ आ रहे थे तो रास्ते में एक निमार्णाधीन मकान के पास जब ये दोनों आए तो रामपाल शराब के नशे में आरोपी बंटी को गाली देने लगा, जिससे आरोपी बंटी गुस्सा हो गया। क्योंकि कई बार पहले भी रामपाल ने आरोपी बंटी से गाली गलौच और मारपीट की थी। इसी बात को याद करते हुए चलते आरोपी बंटी ने गुस्से में आकर रामपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। वह रामपाल को पास स्थित निमार्णाधीन मकान में ले गया और उसके सिर में ईंट और कस्सी मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने कस्सी को गांव के ही तालाब में फेंक दिया था। आरोपी ने मृतक रामपाल के घर बताया कि जिनके यहां शादी थी, उन्होंने रामपाल की हत्या कर दी। मृतक रामपाल के पिता रोहताश की शिकायत के आधार पर सूरज व जय भगवान के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना मधुबन पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज होते ही तुरंत कार्यवाही करते हुए संदेह के आधार पर आरोपी बंटी को गिरफ्तार किया गया और कार्यवाही के आधार पर पाया गया कि आरोपी बंटी ने ही तैश में आकर रामपाल की हत्या की थी। आरोपी बंटी से पूछताछ के आधार वारदात में अन्य किसी आरोपी की संलिप्तता नहीं पाई गई। आरोपी बंटी को न्यायालय में पेश किया गया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप रैंकिंग पाने के लिए निगम ने तैयारियां की शुरू

## स्वच्छता व्यवस्था परखने को सभी चार जोन का किया जा रहा सर्वे- धीरज कुमार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप रैंकिंग पाने के लिए नगर निगम ने जमीनी स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत स्वच्छता व्यवस्था को परखने के लिए सभी चार जोन में सर्वे किया जा रहा है, जिसमें से जोन 2 व 4 का सर्वे पूरा कर लिया गया है, जबकि जोन 1 में चल रहा है। यह जानकारी नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त (ए.एम.सी.) धीरज कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि सर्वे के तहत जोन में कुल कितने घर हैं, डोर टू डोर कितने घरों से कूड़ा एकत्र किया जा रहा है, कूड़ा अलग-अलग लिया जा रहा है या नहीं, टिप्पर वाहन के साथ हैल्पर आता है या नहीं, एजेंसी कर्मचारियों की वर्दी तथा कहां लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। इन सभी बिन्दूओं को नोट कर डाटा एकत्र किया जा रहा है। इन बिन्दूओं का बारिकी से अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद निगम द्वारा और क्या-क्या कदम उठाए जाने हैं, उस पर काम किया जाएगा। सर्वे का कार्य जोन इंचार्ज के नेतृत्व में निगम के स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक (एच.एस.आई.) एवं मोटीवेटर टीम द्वारा किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नगर निगम की मोटीवेटर टीम एवं सुगम स्वच्छता प्राईवेट लिमिटेड की मोटीवेटर टीम द्वारा शहर के सेक्टर-6 व 9 तथा मुगल कैनाल स्थित अस्थाई सब्जी मंड़ी में सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियां की गई। नागरिकों को जानकारी दी गई कि कूड़े-कचरे को अलग-अलग रखने के लिए 5 प्रकार के डस्टबिन का प्रयोग होता है, जिसमें हरा, नीला, पीला, काला व लाल डस्टबिन शामिल हैं। हरे डस्टबिन में गीला कचरा, नीले में सूखा, पीले में बायोमेडिकल वेस्ट, काले में ई-वेस्ट तथा लाल डस्टबिन में घरेलू हानिकारक कचरा डाला जाता है। इसके अतिरिक्त कूड़े के पृथक्करण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस मौके पर नागरिकों को पम्फलेट भी बांटे गए।

इसके पश्चात नगर निगम की एच.एस.आई. व मोटीवेटर टीम गांव मंगलपुर स्थित राजकीय विद्यालय में बच्चों को आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी के तहत बच्चों से स्वच्छता पर आधारित सवाल-जवाब भी किए गए। सही जवाब देने पर बच्चों को चॉकलेट देकर सम्मानित भी किया गया।

# भव्य तरीके से करनाल में आयोजित होगा 'लखपति दीदी महासम्मेलन'

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी करेंगे शिरकत, तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने किया दौरा

राजकुमार प्रिंस

करनाल। घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि 6 मार्च को करनाल की अनाज मंडी में 'लखपति दीदी महासम्मेलन' भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन में करनाल लोकसभा से जुड़ी हुई माताएं एवं बहनें शामिल होंगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन पश्चिम बंगाल से सुनने को मिलेगा।

घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, उपायुक्त अनीश यादव, भाजपा की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता और जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन पश्चिम बंगाल से सीधे पूरे देश में देखा जाएगा। करनाल लोकसभा स्तर का कार्यक्रम करनाल अनाज मंडी में रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी पहुचेंगे।



**आत्मनिर्भर**

**8 शौचालय आदि की व्यवस्था के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए**

उन्होंने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री देशभर की माताओं व बहनों के लिए एक संदेश देंगे। प्रधानमंत्री ने करोड़ों बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है, सेल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भी महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने करनाल लोकसभा की माताओं-बहनों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में शिरकत करने का आह्वान किया है। उपायुक्त अनीश यादव ने लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियां का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव को लेकर इंटरनेट की लीज लाइन लगाने, माताओं-बहनों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियां लगाने, मीडिया गैलरी बनाने, पीने के पानी और शौचालय आदि की व्यवस्था के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# धार्मिक आयोजन लोगों में आपसी भाईचारा को देते बढ़ावा: कादियान



**गन्नौर।**

**गांव शाहपुर** तगा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर एवं आश्रम निर्माण समिति की ओर से रविवार को बसंत तु सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एंव समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्हें मोटरसाईकिलों के काफिले के साथ मन्दिर तक लेकर गए और फूलमाला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। कादियान ने सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग होने पर पूजा कर विशाल भंडारा लगाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने लोगों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने मंदिर समिति द्वारा करवाए गए धार्मिक कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन लोगों में आपसी भाईचारा प्रेम का बढ़ावा देते है। सत्संग या अन्य धार्मिक कार्यक्रम इंसान को मन की शांति की ओर ले जाते है, जो जीवन में बहुत जरूरी है। कादियान ने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक सामाजिक व आर्थिक रूप से उन्नति नहीं कर सकता। जरूरी है कि बेटों के साथ बेटियों को शिक्षा का अधिकार दिए जाए। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपने माता-पिता व समाज का नाम रोशन कर रही है।

# सनातन धर्म परम्पराओं का संरक्षक: बड़ौली

**गन्नौर।**

**राई** विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि सनातन धर्म सदैव अग्रणी है, वर्तमान समय में अति आवश्यक है। सनातन धर्म सामाजिक संरचना, आत्म-विकास एवं परम्पराओं का संरक्षक है। समर्थ नेतृत्व के साथ जीवनशैली और समृद्ध संस्कृति के रूप में भी इसे समझने की आवश्यकता है। विधायक मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को अपनी पत्नी गीता कौशिक व भाजपा नेता निशांत छौक्कर के साथ सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव में शिव स्तोत्र महायज्ञ में आहुति डालने के बाद संबोधन में कहा कि युवाओं को वैदिक परंपराओं को, वेदों की शिक्षाओं को समझना है, व्यवहार में लाना जरूरी है। क्योंकि सनातन धर्म ही समाज को सुरक्षित एवं संगठित कर जीवन जीने की दिशा निर्धारित करता है। सिद्धपीठ सतकुंभा धाम तीर्थ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि सिद्धपीठ पर सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव 2024 में सोमवार को हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल की ओर से आए रवि सांपला एवं उनके साथी कलाकारों ने शानदार संगीतमय भक्त रस की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बच्चों का उत्साह उनके आदर्श जीवन का प्रेरक बना।



# आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन है सूर्य नमस्कार : दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता करवाई जा रही हैं।

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि आज ब्लॉक तरावड़ी में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मेरा मिशन स्वस्थ भारत तरावड़ी की टीम के 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज तथा अंगिरा गुरुकुल मल्टी थेरेपी सेंटर की संचालिका डॉ.दीपिका ने जज की भूमिका निभाई।



सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिता में महिला वर्ग में अंजलि प्रथम, द्वितीय बेबी तथा तृतीय स्थान नीलम ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मनोज कामरा, द्वितीय स्थान विनोद तथा तृतीय स्थान संदीप ने प्राप्त किया किया

इससे पूर्व आज के योग सत्र की शुरूआत दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम से की। उन्होंने सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाते हुए कहा कि आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार है। सूर्य नमस्कार 12 योगासनों का संगम है। सूर्य नमस्कार सूर्योदय से पूर्व खाली पेट किया जाता है। इसके नित्य प्रति अभ्यास से रक्त संचार बेहतर तरीके से होता है, मांसपेशियों को मजबूती मिलती हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# पंजाब सरकार एमएसपी दे दे तो खत्म हो जाएगा किसान आंदोलन : दुष्यंत

## हरियाणा 14 फसलों पर दे चुका एमएसपीहरियाणा 14 फसलों पर दे चुका एमएसपीहरियाणा 14 फसलों पर दे चुका एमएसपी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा तो 14 फसलों पर एमएसपी दे रहा है, लेकिन फेलियर तो पंजाब सरकार का है, क्योंकि वह किसानों को एमएसपी नहीं दे पाई है। अगर पंजाब सरकार किसानों को एमएसपी दे दे तो आंदोलन खत्म हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम करती आ रही है और फैसले भी किसानों के हित में ही लिए गए हैं। ओलावृष्टि से किसानों को बहुत नुकसान हुआ है, जिसकी गिरदावरी का काम जल्द से जल्द शुरू होगा। किसानों को मुआवजा मिल सके, इसके लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को दोबारा ओपन किया जाएगा, ताकि किसान अपनी डिटेल पोर्टल पर डाल सकें और किसानों को मुआवजा मिल सके। पहले 15 मार्च तक का समय रखा गया था, लेकिन अब इस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौधरी काशीराम और चौधरी देवी लाल के लिए भी भारत रत्न की मांग उठाई है।



**स्पष्ट**

**8 सरकार किसानों के हित में काम करती आ रही है और फैसले भी किसानों के हित में ही लिए गए हैं**

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच महानुभावों को भारत रत्न से सम्मानित किया है। इन महानुभावों ने अपने अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए और सरकार ने भारत रत्न से इनका मान बढ़ाया। चौधरी काशीराम और चौधरी देवीलाल को भी भविष्य में भारत रत्न से नवाजा जाए, इसके लिए केंद्र सरकार को एक मांग पत्र भेजा जाएगा।

उन्होंने गुरु रविदास मंदिर निर्माण को बजट में शामिल करने पर भी हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अजय चौटाला ने जेजेपी के मेनिफेस्टो में संत रविदास मंदिर की घोषणा की थी, जिस पर हरियाणा सरकार ने मुहर लगा दी है। इसके लिए हरियाणा सरकार को एक धन्यवाद पत्र भेजा जाएगा।

जेजेपी और भाजपा के गठबंधन टूटने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर दुष्यंत चौटाला ने पलटवार किया।

# संसार में ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां प्रमात्मा का वास न हो : भारती

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** श्री कृष्ण मंदिर ग्राम काछवा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती जी ने कहा कि माता सती ने जब भगवान शिव को नर रूप धारण कर लीला कर रहे प्रभु राम को देखा तो सन्देहग्रस्त हो जाती है कि जो अजन्मा है, अविनाशी है, वह नर रूप में कैसे हो सकता है। और अगर ये भगवान है तो इन्हें ये क्यों नहीं पता कि इनकी पत्नी को कौन ले गया है। जब भगवान शिव ने इन्हें प्रभु की परीक्षा हेतु भेजा तो सती ने माता सीता का रूप धारण कर लिया। परन्तु प्रभु उन्हें झट से पहचान लेते हैं।

गोस्वामी तुलसी दास जी कहते हैं कि सती ने वहां खडे-खडे एक अलौकिक दृश्य देखा कि चारों दिशायों में राम सीता लक्ष्मण हैं, कोई भी स्थान उनसे रिक्त नहीं है। साध्वी जी ने बताया कि ये बात परम सत्य है कि संसार मे ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां प्रमात्मा का वास ना हो, जर्रे-जर्रे में है झांकी भगवान की, किसी सुझ वाली आंख ने पहचान की।

हमारे पास वह आंख ही नहीं, जिससे हम उसे कण-कण में देख सकें। क्योंकि ईश्वर दिव्य दृष्टि का विषय है, बुद्धि और मन से समझने का नहीं।

मौलाना रूमी भी कहते हैं कि जिस प्रकार तितली बंसत ऋतु में पैदा होकर सर्दी में मर जाती है, उसे अन्य ऋतुओं के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। कवि टेनिसन ने उसे कहकर यह सिद्ध कर दिया कि ईश्वर हमारी मन, बुद्धि एवं वाणी से परे हैं। इसलिए कण-कण में होने के बावजूद भी हमें दिखाई नहीं देता।

## संपादकीय

# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल ?

**भारत** घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहां हमें कठघरे में खड़ा करती हैं वहीं उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अकसर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह व्यस्था सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहां ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध करानी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है, ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

आशीष वशिष्ठ

"और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है"

**अगले** कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि




विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊजार्वान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देष और देषवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है।

और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है। ुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है।

लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी? इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।

## कविता

### गीत- डमरू घनाक्षरी

बमबम हरहर, बमबम हरहर,
बमबम हरहर, बमबम हरहर।

अवघट-मरघट, जमघट-पनघट,
अजर-अमर हर, अधर अचल धर।

जनम-मरण हर, सकल जगत चर,
चरण शरण नत, गटक गरल गर।

मन उपवन भर, छण-छण जप कर,
लगन मगन मन, धर चल जल भर।

दरसन जब कर, परसन तब हर,
तन-मन-धन अब, अरपन सब कर।

राजकुमार

# कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान

आर.के. सिन्हा

**अब सा**माजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी दुनिया किसी भी तरह से मर्दों से पीछे नहीं हैं। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तरों और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते हुए भी मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूलों-कालेजों में जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ ही जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं ह्यस्टॉकिंगह्ल। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में एक इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते ही रहते हैं। किसी महिला का हाथ धोकर पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके। एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है; उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यह अधिकतर उत्तर प्रदेश,बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा से और अनेकों बांगलादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सब कुछ है। यहां पर रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली ह्यमहिला पंचा?तह्ल में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, के प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अशलील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिन भर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं।

## विचार

# लैंगिक समानता का मूल चिंतनआखिर

डॉ नीलम महेंद्र

**ईश्वर की बना**ई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एकदुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तोवो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृतिहै जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हरजीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री कोउसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैंजैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्रीमें पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुणप्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री मेंपुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारीहोता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मीके रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रियामें जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इनगुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव काअर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरूष एक दूसरे के पूरक हैंप्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वोभूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञउनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवानको नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दनथे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा हैजहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएंथीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थींबल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं।लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत केबावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारोंको महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। समझने वाली बात यह हैकि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करतेहैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बातकरें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्रमें अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा होया राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दमपर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों परमहिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिलाउद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्टजिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कमवेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना हैकि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहींमिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट केअनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओंको काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसेक्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमेंमहिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करनेजैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिमपायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्कवितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवादसे लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# राजनीति के दरवाजें

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

**राजनीति** में शामिल लोग आजकल खेला करने में लगे हैं। खेला करने के लिए उसके भावात्मक पहलुओं का मास्टर होना जरूरी होता है। जिन्हें खेलने का ज्ञान है, वे किसी भी क्षेत्र में स्कोर करते हैं। हाल के वर्षों में, ट्रेंड-सेटिंग करने वाला खिलाड़ियों चलन जोर-शोर से चल रहा है। पहले पहल, यह मज़ा सा लगता है, लेकिन बाद में यह कलश में बदल जाता है। खिलाड़ियों को मजे करने की ऐसी लत पड़ जाती है कि वे कबड्डी खेल रहे होते दिखाई देते हैं, लेकिन स्कोरकार्ड में रन दर्ज होते हैं। वे नीबू और सिरके से पहले दूध को बिगाडते हैं, फिर बिगाड़ा हुआ दूध अपने घर ले जाते हैं। किसी और के बिगाड़े हुए दूध से उनके घर में पनीर का दर्जा मिल जाता है। गाय दिखाने और बकरे मारने का यह खेल शतरंज से भी ऊपर का है। उनके लिए बकरे मारना गोलगप्पे खाने जैसा है। राजनीति में चिंता व्यापक है। "बकरे की अम्मा" कब तक खुशियां मनाएगी! राजनीति में शामिल लोगों ने अपनी विरासत में छोटी-बड़ी सभी प्रकार की दीवारों को लांघ लिया है। इसलिए राजनीति खेल का होता है। संविधान होता ही है दीवारें गिराने के लिए। लेकिन उन्होंने दीवारें गिराने का काम नहीं किया। उन्हें दरवाजों में राजनीतिक संभावना अधिक दिखाई देती है।

इसलिए दरवाजे बनाने का काम हाथ में ले लिया है। दरवाजों में खोलने और बंद करने की सुविधा राजनीति के लिए बहुत जरूरी है। नगर-नगर और गाँव-गाँव में सफल राजनीति की धूम है। घोषणा-पत्र में छोटे से बड़े नए सभी प्रकार के दरवाजों का वादा किया जाता है। दरवाजे हवा में नहीं बन सकते हैं। इसलिए दरवाजों के लिए नई दीवारों की जरुरत पड़ती है। उधर लोग दरवाजों की उम्मीद में रहते हैं और और इधर दीवारें बनती जाती हैं। धीरे-धीरे वक्त आया जब दीवारों को प्राथमिक आवश्यकता माना जाने लगा। जहां दीवारें नहीं थीं, वहां लोग दीवार बनाने लगे। अगर दरवाजे हैं, तो विकास है, अगर दरवाजे हैं, तो लोक कल्याण है, अगर दरवाजे हैं, तो सुरक्षा और सुविधा हैं। कुछ लोग इसे इंडोर या आउटडोर गेम के रूप में भी देखते हैं। लोग अपनी अपनी दीवारों में बंद होकर गर्व महसूस करने लगे, इसलिए इसे उच्चकोटि की राजनीतिक सफलता कहा गया।

# तकनीकी ज्ञान से उग्रवाद का विस्तार

संजीव ठाकुर

**वैसे तो उ**ग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं' पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे' अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं' आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं' अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं।

# होली से वृंदावन में पहले व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में जुटा नगर निगम

## -अपर नगर आयुक्त रामजीलाल के नेतृत्व में चलाया गया अभियान

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

होली से पहले बांकेबिहारी मंदिर को जाने वाले मार्गों मार्गों से अतिक्रमण हटाने और नालियों की साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने तीन दिन पहले वार्ड 70 स्थित ठा. बांकेबिहारी जी मन्दिर के आस पास की गलियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त रामजीलाल एवं संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव को निर्देशित किया गया कि होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए ठा. बांकेबिहारी जी मन्दिर की ओर जाने वाले मार्गों पर दर्शनार्थियों की सुविधार्थ मार्गां, नालियों की विशेष साफ सफाई करायी जाए तथा दुकानदार अपनी दुकानों के आगे हो रहे स्थायी, अस्थायी अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटालें। इसी क्रम में तीन दिवस तक मुनादी करायी गयी। सोमवार को अपर नगर आयुक्त रामजीलाल के दिशा निर्देश में ठा. बांकेबिहारी जी मन्दिर की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों पर अवैध रेम्प, सीड़ी, चबूतरा आदि अवैध अतिक्रमण को श्रद्धालुओं की सुविधार्थ हटवाया गया। जिससे जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो एवं जिसमें दुकानदरों की बेन्च, टेबिल, रेम्प आदि को ध्वस्त किया गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गयी अगर भविष्य में दुकानों के बहार दुकानदारों द्वारा स्थायी, अस्थायी एवं ढकेल, स्टोल, फड़ आदि लगाये जाते है, तो दुकानदारों के विरुद्ध सामान जब्तीकरण, जुमार्ना आदि की दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव, सफाई निरीक्षक सुभाष चन्द, सफाई निरीक्षक नीरज, दीपक गौतम सुपरवाइजर प्रवर्तन दल की टीम के साथ मौजूद रहे।



# महापौर ने सीसी सड़क के कार्य का किया शुभारंभ



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

महापौर विनोद अग्रवाल ने नगर निगम के विकासकार्यों में लगातार गति प्रदान करते हुए नगर निगम वृन्दावन क्षेत्र के पार्षद घनश्याम चौधरी के वार्ड 69 में विश्व प्रसिद्ध प्रेमानन्द महाराज के यहां लगभग 23 लाख रुपए से निर्मित सीसी सड़क का विधिवत पूजा के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के प्रत्येक क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं रहेगा जहां विकास न हुआ हो। आज जिस सड़क का उद्घाटन हुआ है उससे यहां के स्थानीय निवासियों के साथ साथ विश्व प्रसिद्ध प्रेमानन्द महाराज जी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी। इसके लिये प्रेमानन्द महाराज के आश्रम के सहयोगियों द्वारा पटुका पहनाकर स्वागत किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### दो दिन से घर में सहेली के शव के साथ रह रही थी महिला

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना फरह क्षेत्र के गांव महुअन में एक सनसनीखेज घटना ने गांव में खौफ का माहौल बना दिया है। सहेली की मौत के बाद भी महिला दो दिन से शव के साथ घर में रह रही थी। जब घर से दुर्गंध आने लगी तो आसपास के लोगों को शक हुआ। इसके बाद लोगों के कहने पर घर के अंदर जाने से आनाकानी करने लगी। इस की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के अंदर से शव को बरामद कर लिया। मृतक महिला की सहेली को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस सहेली से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति का नाम भी इस मामले से जुडा है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर रही है। वहीं हिरासत में ली गई महिला ने पुलिस को बताया है कि उसकी सहेली ने आत्महत्या की है। पुलिस के डर की वजह से उसने घटना के बारे में किसी को जानकारी नहीं दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक फरह कमलेश सिंह के मुताबिक महिला की हत्या हुई है या आत्महत्या की है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। मृतक महिला अपने पति से तलाक लेकर करीब दो साल से अपनी सहेली के घर पर रह रही थी। वहीं जिस सहेली के घर मृतका रह रही थी उस सहेली का पति मानसिक रूप से विक्षिप्त है। परिवार में उसके एक बेटा और एक बेटी है।

-----------------------------------

गांव वालों ने सूचना दी थी कि एक घर है, जहां से बदबू आ रही है। पुलिस तत्काल वहां गई। पुलिस ने घर से शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चला सकेगा। पीएम रिपोर्ट और जो तत्य सामने आएंगे इसके आधार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रारंभिक जो जानकारी सामने आई है कि उसके मुताबिक महिला के अपने घर से संबंध खराब चल रहे थे और वह अपनी एक महिला मित्र के यहां रह रही थी।

**– अरविंद कुमार, एसपी सिटी मथुरा**

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित को पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना छाता पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त अनिल उर्फ कालिया पुत्र पीतम ठाकुर निवासी उस्पार थाना हाईवे को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त अनिल को सोमवार को केडी मेडीकल कालेज के पास से गिरफ्तार को किया गया।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

दूधाधारी रेलवे फाटक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस युवक की पहचान करने में जुटी है। थाना जमुनापार के पानी गांव चौकी क्षेत्र में गांव दूधाधारी के पास रेलवे ट्रैक पर लगभग 23 वर्षीय एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक युवक ने लाल कलर की टी शर्ट और सफेद शर्ट पहनी हुई है। मृतक युवक सोमवार की सुबह दूधाधारी रेलवे ट्रैक को पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया।

### सिरसा: विहिप ने किया धर्म रक्षा समर्पण निधि कार्यक्रम

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**

विश्व हिंदु परिषद की ओर से सोमवार को जनता भवन रोड स्थित राम भवन में धर्म रक्षा समर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विहिप से जुड़े व समाज के गणमान्य लोगों ने अपनी बढ़चढ़ कर उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री डा सुरेंद्र जैन ने शिरकत की। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रो. गणेशी लाल, पूर्व राज्यपाल उड़ीसा, मुख्तयार सिंह नामधारी समाज प्रतिनिधि ने उपस्थिति दर्ज करवाई। उनके साथ प्रांत मंत्री वरूण ने भी मंच सांझा किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुरेंद्र पूनिया प्रांत मिलन प्रमुख, बजरंग दल ने बखूबी किया। विहिप नेता राकेश कटारिया भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम बृज मोहन विभाग अध्यक्ष व हरिकिशन गोयल जिला अध्यक्ष ने मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रो. गणेशीलाल ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता व समन्वय को समाज की जीवित आत्मा के रूप में बताया। मुख्यातिथि डा. सुरेंद्र जैन ने कहा कि राम सभी के हैं। भगवान श्रीराम के नाम पर किसी प्रकार का मतभेद नहीं होना चाहिए। नामधारी समाज से आए मुख्तयार सिंह ने कहा कि सतगुरू के मार्ग दर्शन से राम जी का प्रेम और मयार्दा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# भाकियू अराजनैतिक ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने राहत आयुक्त से मिलकर बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई की मांग की। एक सप्ताह में मुआवजा न मिला तो प्रदेशभर में जिलाधिकारी कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष आगरा राजकुमार तोमर ने बताया कि चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चकबंदी एवं राहत आयुक्त जेएस नवीन कुमार से उनके कार्यालय में मिला। किसानां की क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं तेज हवाओं से उत्तर प्रदेश में फैसले बर्बाद हो गई है। एक दर्जन से अधिक जनपद ओलावृष्टि से प्रभावित है। पूरे प्रदेश में तेज हवाओं एवं बारिश से किसानों की फसल खराब हो गई है। बुंदेलखंड में किसानों की मटर, मसूर, चना, अरहर को भारी नुकसान हुआ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदेश से लेकर अवध



और पूर्वांचल तक गेहूं,सरसों एवं आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। मथुरा से लेकर आगरा, कन्नौज, फरुर्खाबाद, फतेहपुर, प्रयागराज तक किसानो की आलू की फसल बर्बाद हो गई है। गेहूं में तेज हवा के कारण जमीन में गिर जाने से गुणवत्ता एवं उत्पादन में भारी गिरावट होगी। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने सर्वे के लिए संयुक्त टीम बनाकर जिसमें लेखपाल, उपसंभाग अधिकारी कृषि, सांख्यिकी के अधिकारियों द्वारा नुकसान का आंकलन कराए जाने की मांग की।

## पत्नी से छेडछाड, पति से की मारपीट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैंत में राजस्थान निवासी एक महिला ने दो नामजद व एक दर्जन अज्ञात लोगों पर छेड़खानी व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कुम्हेर गेट हरिजन बस्ती भरतपुर राजस्थान निवासी महिला ने बताया वह थाना जैंत क्षेत्र के गांव नगला रामताल अपने पीहर पति के साथ शादी में आई थी। बारौठी के समय बारात से आए प्रेम पुत्र सोहनलाल, अमन पुत्र प्रेम जो कि नशे में धुत होकर आ गए और मुझसे छेड़खानी करने की कोशिश की। मेरे पति द्वारा उन्हें रोकने पर प्रेम व अमन, एक दर्जन अज्ञात लोगों ने मेरे पति पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें वो गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में लेकर भरतपुर हॉस्पिटल भर्ती कराया। थाना प्रभारी जैंत अजय वर्मा ने बताया दो नामजद व एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाए सरकार: विरेंद्र नरवाल

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विरेंद्र नरवाल ने प्रदेश में हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण हिसार सहित कई जिलों में खराब हुई फसलों पर दुख प्रकट किया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि अन्नदाता की हालत बहुत चिंताजनक है और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खाद, बीज, कीड़ेमार दवाइयां, डीजल, कृषि उपकरण और खेत मजदूरी महंगी हो जाने से खेती करना पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गया है।

उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक तंगी से गुजर रहा



है। अब इस प्राकृतिक मार की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में किसान की 6 महीने की मेहनत पर पूरी तरह से पानी फिर गया है। गेहूं, सरसों, चना, जौ समेत अन्य कई फसलें भारी ओलावृष्टि के कारण तबाह हो गई हैं। हालात यह है कि देश और प्रदेश के ज्यादातर किसान कर्जे में डूबे हुए हैं। प्रदेश के किसानों की आमदनी के मुकाबले उनका खर्च कहीं अधिक है। किसानों की आय घाटे में चल रही है और किसानों के हालात बद से बदतर होती जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार से किसानों की भारी ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों की तुरंत स्पेशल गिरदावरी कराने की मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी खराब हुई फसल का 50 हजार रूपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा तुरंत दिया जाए।

ताकि किसान अपनी फसल की भरपाई कर सके और आगे वाली फसल की तैयारी कर सके।

# नगर निगम कर रहा जल भराव के स्थाई समाधान की कार्ययोजना तैयार

**का-**

8 जलभराव की समस्या से महानगर को निजात दिलाने के लिए नगर निगम कार्य योजना तैयार कर रहा है

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जलभराव की समस्या से महानगर को निजात दिलाने के लिए नगर निगम कार्य योजना तैयार कर रहा है। जिससे बरसात के समय महानगर वासियों और यहां आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पडे। मथुरा और वृंदावन में कई स्थान ऐसे हैं जहां बरसात होने पर



जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है और स्थिति को सामान्य होने में कई घंटों का समय लगता है। कुछ एक स्थानों पर इस समस्या का लगभग स्थाई समाधान तलाश लिया गया हैं। जिन चिन्हित स्थलों पर अभी भी जलभराव से निपटने का प्रभावी तरीका नहीं खोजा जा सका है, वहां के लिए नगर निगम कार्य योजना तैयार करने में जुटा है। इसी संबंध में नगर आयुक्त शशांक चौधरी की अध्यक्षता में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले जल भराव की समस्या से आम जनमानस को राहत पहुंचने की दृष्टिगत बैठक बुलाई गई। बैठक में जल निकासी की कार्य योजना तैयार करने कि लिए विशेषज्ञ संस्था को निर्देशित किया गया कि नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले जलभराव की निकासी के साथ साथ प्राथमिकता पर प्रमुख स्थल जैसे भूतेश्वर अंडरपास नया बस अड्डा अंडरपास आदि स्थानों को चिन्हित करते हुऐ विस्तृत कार्य योजना तैयार कराकर जल निकासी हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए साथ ही बैठक में उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर सीएनडीएस जल निगम, अधिशासी अभियंता सिविल एवं महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया कि विशेषज्ञ संस्था के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर जल निकासी के प्रबंधन हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करें जिससे आगामी वर्षा ऋतु के दौरान शहर के प्रमुख स्थलों पर होने वाले जल भराव से आम लोगों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाई जा सके।

## हिसार: सरपंच की हत्या के मामले में 10 नामजद सहित कइयों पर केस दर्ज

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

हांसी सदर क्षेत्र के गांव कंवारी के सरपंच एवं जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान संजय उर्फ नरसिंह दूहन की रविवार रात को उनके घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर अज्ञात बदमाशों ने गाड़ी के अंदर ही गोली मारकर हत्या कर दी। घायल सरपंच को उपचार के लिए उसके छोटे भाई बलवंत नंबरदार ने उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पुलिस संजय के शव का पोस्टमार्टम कराने में जुटी रही।

पुलिस ने सोमवार को मृतक संजय सरपंच के बड़े भाई बलवंत नम्बरदार की शिकायत पर कर्ण सिंह, सुरेश, शमसेर, कुलबीर, कुलदीप, संदीप, चरण सिंह, चतर सिंह, कृष्णा, बिन्नू व शीला सहित तीन-चार अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में बलवंत नम्बरदार ने बताया कि रविवार को हमारे परिवार में बनवारी लाल के भतीजे विक्रम की शादी थी और भाई संजय शादी में शामिल होने के लिए गांव भैणी अमीरपुर गया था।

शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह रविवार देर सांय गांव वापस लौट रहा था। उस समय शिकायतकर्ता गांव में ही धर्मपाल के मकान बाहर उसके साथ बैठा हुआ था। जैसे ही उसके भाई की गाड़ी कर्ण सिंह के मकान के समीप पहुंची तो वहां पहले से छिपकर बैठे तीन–चार लड़कों ने उसके भाई की गाड़ी को रुकवाकर उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। भाई की गाड़ी को रुकवाने व उस पर गोलियां चलती देख जब वह धर्मपाल के साथ दौड़ कर गाड़ी के समीप पहुंचा तो हमलावर यह कहते हुए गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए कि भाई कर्ण सिंह आपका यह काम तो हमने कर दिया है, यदि और कोई परेशान करे तो बताना उसका भी इसी प्रकार से इलाज कर देंगे।

## मैथिल ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह समारोह 11 को

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अखिल भारतीय श्री ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महासम्मेलन आगरा शाखा सभा मथुरा द्वारा आयोजित बैठक में सप्तम आदर्श सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम 11 को होगा। सभी कार्य समितियां की कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रिक्त पदों की चुनाव प्रक्रिया संपन्न करने पर भी चर्चा की गई। शाखा सभा के अध्यक्ष पंडित हीरालाल ने कहा सभी कार्य समितियां अपने अपने कार्यों को सुचारू रूप से पूर्ण करें। शाखा सभा के महामंत्री केएस शर्मा ने कहा कि समाज के सभी लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग करें। बैठक में प्रमुख रूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष गया प्रसाद शर्मा, एसके शर्मा, सुरेश चंद व्यास, सोहनलाल शर्मा, अजय शर्मा, मीडिया प्रभारी केके शर्मा बबलू आदि उपस्थित थे।

# वृंदावन के सप्त देवालयों के गोस्वामियों की हुई बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

रविवार की शाम को राधा श्यामसुंदर मंदिर में वृंदावन के सत्य देवालयों की एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से सप्त देवालयों का संगठन बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

मुख्य रूप से सत्य देवालयों में गोविंद देव मंदिर से अनुज गोस्वामी, गोपीनाथ मंदिर से राजा गोपीनाथ लाल देव गोस्वामी, मदन मोहन मंदिर से अजय किशोर गोस्वामी और विजय कृष्ण देव गोस्वामी, राधा श्याम सुंदर मंदिर से आचार्य कृष्ण



गोपालन आनंद देव गोस्वामी, राधा रमन मंदिर से मंदिर के मंत्री पंकज गोस्वामी, गोकुल आनंद मंदिर से अभिनव गोस्वामी और वेणुगोपाल गोस्वामी, राधा दामोदर मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी और उनके छोटे भाई तरुण गोस्वामी विचार विमर्श सभा में मौजूद रहे।

सभी गोस्वामी जनों ने अपने अपने विचार सभी के समक्ष प्रस्तुत किए। वही साथ ही सभा में सप्त देवालयों का एक सामूहिक पंचांग प्रकाशित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं इस मौके पर बोलते हुए राधा दामोदर मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज ने कहा कि वृंदावन के मंदिरों में सबसे प्रमुख सप्त देवालय मंदिर हैं, जो की वृंदावन में बहुत ही प्राचीन है। इन मंदिरों का इतिहास काफी पुराना है। इन मंदिरों से स्वयं भगवान श्री कृष्ण का नाता रहा है। मंदिरों को एकजुट करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सप्त देवालयों के गोस्वामियों ने बैठकर विचार विमर्श किया है।

# समरस समाज की परिकल्पना को साकार कर रही भाजपा: दुष्यंत गौतम

**सम्बोधित**

8 भाजपा के अनुसूचित वर्ग समागम को राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने किया सम्बोधित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

एक नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत तैयार हो रहा है जिस में जाति, धर्म, परिवारवाद से ऊपर उठकर सबका साथ, सबका विकास के तहत सर्व समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है। यह बातें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम ने सोमवार को भाजपा महानगर द्वारा



आयोजित अनुसूचित वर्ग समागम में कहीं। धौली प्याऊ मंडल की बुद्ध विहार कॉलोनी में आयोजित समागम का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने संयुक्त रूप से किया। समागम में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के समरस समाज की परिकल्पना को साकार करने का काम रही है। समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राशन का लाभ पहुंचता रहे इसकी चिंता प्रधानमंत्री ने की है। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा से पहले कानून व्यवस्था चौपट थी और प्रदेश में जंगल राज था। कोई यात्रा नहीं निकल सकती थी ओर त्योहार सही तरीके से नहीं मनाए जाते थे। उपद्रव किया जाता था। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद अनुसूचित वर्ग को सुरक्षा और सम्मान देने का काम किया गया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने बताया कि अनुसूचित समाज के करीब एक हजार लोग प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं जिनका स्वागत किया गया है। कार्यक्रम संयोजक अशोक जाटव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समागम में वरिष्ठ नेता संजय शर्मा, भरत राजपूत, मंडल अध्यक्ष राम रतन चौधरी, बलराम शर्मा, नेत्रपाल चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने किया।

# खारी पानी वाले गांवों को मिलेगा मीठा पेयजल

**कार्यक्रम**

8 -एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट एनजीओ द्वारा बलदेव में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

विकासखंड कार्यालय से ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जल जनित बीमारियों से जागरूक जागरूकता के लिए वाहन रैली को भी रवाना किया गया। जो कि विभिन्न माध्यमों से पेयजल से उत्पन्न जलजनित रोगों को लेकर जागरूक करेंगी। रैली को



प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी एडीओ पूरन चंद शर्मा व एडीओ आईएसवी सुभाष कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जल जाच, सोशल मैपिंग, वीडियो फिल्म प्रोजेक्टर, स्वच्छता मेला व आईईसी सामग्रियों का वितरण कर लोगों को अशुद्ध पेयजल, जलजनित रोगों से बचाव को लेकर जागरूक करने का काम करेंगी। सरकार द्वारा फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन के माध्यम से ग्रामीणो को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल मुहैया किया जाना है। दूषित पेयजल के कारण ग्रामीणों को हैजा, कालरा, पोलियो, पीलिया, चर्म रोग, कैंसर, कुष्ठ रोग, टीबी जैसे रोगों की चपेट से बचाया जा सके।

# 'निपुण भारत मिशन पर अधिकारी समन्वय से करें कार्य'

## जिले की रैंकिंग पर और ध्यान देने की जरूरत, जो अध्यापक मिशन में सकारात्मकता नहीं दिखाते उन पर होगी कार्यवाही



**मांग**

**8 हमें उन कर्मठ अध्यापकों को इस मिशन में शामिल करना चाहिये जो शिक्षा में रूचि रखते हों**

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः उपायुक्त** डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में निपुण भारत मिशन के तहत जिला स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों की नींव को मजबूत बनान हम सब का दायित्व है। इसके लिए और प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें उन कर्मठ अध्यापकों को इस मिशन में शामिल करना चाहिये जो शिक्षा में रूचि रखते हों व जिनकी नजर में शिक्षा एक मिशन हो। जो अध्यापक इस कार्य में पारंगत नहीं हैं उन पर निगरानी रखने की जरूरत है। ऐसी स्थिति में उन पर ठोस कार्यवाही की जा सकती है इसके लिए उन्हें तैयार रहना चाहिये। उपायुक्त ने कहा कि जो अध्यापक निपुण भारत मिशन कार्यक्रम में सकारात्मक भूमिका निभाने में सक्षम नही है उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

बैठक में उपायुक्त ने निपुण भारत मिशन की बारिकियों पर प्रकाश डाला व वर्तमान में पानीपत किस पायदान पर खड़ा है। उसकी वर्तमान स्थिति क्या है पर अधिकारियों के साथ गहन मथन किया। उपायुक्त ने कहा कि आधारभूत साक्षरता और गणित के लिए इस राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत 5 जुलाई 2021 को विधिवत रूप से की गई थी। उपायुक्त ने बताया कि निपुण भारत मिशन को कामयाब बनाने के लिए जो कमेटियां गठित की गई है उनकी भूमिका को लेकर भी चर्चा की। उपायुक्त ने कमेटी सदस्यों से जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे उनपर कितना कार्य हुआ है व हम लक्ष्य के कितने करीब हैं आदि पर मंथन किया। उपायुक्त ने इस मिशन को गंभीरतापूर्व आगे बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के अलावा सम्पर्क फांउडेशन से पल्लवी झां. और सभी खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी मुनीर गुर्जर ने शिक्षा पर दिया बल

## चौधरी मुनीर गुर्जर ने तालिमी बेदारी कान्फ्रेस फलोरा सैक्टर 29 में जनसभा को

**जनसभा**

**8 महीपाल ढांडा और उनके परिवार की और से मुझे और हमारे समाज के लोगो को बहुत मदद मिलती रहती है**

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मदरसा परकोष्ट की जानिब से मदरसा फैजुल कुरान फ्लोरा सेक्टर 29के जिम्मेदार कारी मुनव्वर वा उनके साथियों और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सह संयोजक चौधरी मुनीर गुर्जर के सहयोग से तालिमी बेदारी कान्फ्रेस का प्रोग्राम किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत कुरान की तिलावत और नात खानी से की गई उसके बाद बच्चो ने अपने प्रोग्राम पेश किए और उलमा ऐ किराम ने तालीम को लेकर



अपने बयानात किए मुफ्ती दाऊद साहब, मौलाना आबिद नदवी, मौलाना हुसैन नदवी ने तालीम को लेकर अपने ख्यालात का इजहार किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सह संयोजक मुनीर गुर्जर ने भी अपनी बात रखते हुए कहा की पहले की सरकारों मे मुसलमान तालीम की मुख्य धारा से कोसो दूर थे। लेकिन आज भाजपा सरकार मे मुसलमानो के एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में लैपटॉप देकर तालीम की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। मुनीर गुर्जर ने कहा कि वो पानीपत ग्रामीण से विधायक महीपाल ढांडा के सहयोग और उनके आशीर्वाद से अपने समाज के लोगों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में बहुत सारे काम करते रहते हैं। विधायक के सहयोग से ही हम प्रवासी मजदूरों के उन बच्चो की मदद कर ने का काम करते हैं जो पैसे या किसी मजबूरी के कारण शिक्षा को छोड़ देते है उन बच्चो को कापी किताब और स्कूल फीस की मदद से उन बच्चो को पढ़ाने का काम करते हैं । ऐसे अनेकों काम मे महीपाल ढांडा और उनके परिवार की और से मुझे और हमारे समाज के लोगो को बहुत मदद मिलती रहती है। प्रोग्राम का संचालन मौलाना हैदर रशीदी ने किया। कारी मुनव्वर हसन ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## न्यूज फ्लैश

### जिला रैडक्रास का भवन होगा आधुनिक सुविधाओं से परिपूण: उपायुक्त

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: उपायुक्त** डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में नई बिल्डिंग के निर्माण को लेकर रैडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों से बैठक करते हुए कहा कि रैडक्रास सोसायटी की नई बिल्डिंग बननी प्रस्तावित है उसका स्वरूप जो पूरी तरह से अत्याआधुनिक हो। रैडक्रास भवन में वो सभी सुविधाएं हो जो एक भवन में होनी चाहिये इस पर ध्यान देना होगा उपायुक्त ने कहा कि 20 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली रैडक्रॉस पानीपत की यह बिल्डिंग सुविधाओं से परिपूर्ण होगी। आधुनिक नक्शा बना कर कार्य करना होगा। बिल्डिंग में इस बात का ध्यान रखना है कि भविष्य में अगर विस्तार किया जाये तो कोई समस्या ना आये। क्षमता की दृष्टिद्गत बिल्डिंग अलग हो। इस मौके पर सीएमओ जयंत आहूजा, रैडक्रॉस के सचिव गौरव रामकरण के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत देगी समाज की जरूरतमंद विधवाओं को मासिक पैंशन

**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत जो शिक्षा उत्थान, स्वास्थ्य सेवा एवं समाज हित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है। पिछले कई दशकों से पंचायत द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, प्राकृतिक आपदा में जन सहयोग एवं जन कल्याण की योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए समाज की जरूरतमंद विधवा महिलाओं के लिए मासिक पैंशन प्रारम्भ की गई है। उन्होंने बताया कि इस के लिए फार्म संस्था के कार्यालय में उपलब्ध हैं। गुप्ता ने बताया कि संस्था की गवर्निंग बॉडी की गत दिवस हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि इसी माह सैक्टर 8 में बनने जा रहे अग्रसेन भवन का निर्माण कार्य आरम्भ किया जाएगा। जिसे एक वर्ष में पूरा कर उसमंब समाज सेवा के कई प्रकल्प आरम्भ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समाज में एकता एवं भाईचारा बनाए रखने एवं आपसी मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को अग्रवाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन के प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

### हन्नी मार्डन स्कूल के छात्रों ने कौन बनेगा चैम्पियन प्रतियोगिता में जीते पदक

**राई: बहालगढ़ में** स्थित हन्नी मार्डन स्कूल के छात्रों ने कौन बनेगा चैम्पियन में दूसरे राऊंड में 51 छात्रों का चयन हुआ और 3 छात्र हाट सीट के लिए चुने गए। चुने गए छात्रों का स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल ने स्वागत करते हुए पुरस्कार वितरित किए। मास्टर सतनारयण आंतिल ने बताया कि ६ाट सीट के लिए चुने गए तीन छात्रों में प्रिंस ने प्रथम, हर्ष व अक्षत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक सतनारायण आंतिल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में समय- समय पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। इसी का परिणाम है कि स्कूल के छात्र प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करते है।

### रिद्धी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता सिल्वर पदक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज की होनहार छात्रा रिद्धी फोर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में तीरंदाजी में सिल्वर मैडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने बताया कि मेघालय की राजधानी शिलोंग में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एनसीसी कैडेट्स रिद्धी फोर ने आर्चरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतवर्ष में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने बताया कि रिद्धी एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी है और इसने विदेशों में भी अनेक मैडल जीते हैं। रिद्धी का कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया और कॉलेज की तरफ से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का विश्वास लिया। स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि कॉलेज पूर्व प्रधान एवं सांसद स्व. स. तारा सिंह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर अए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेज शिक्षा, खेल तथा अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की पूरी फीस माफ करने के साथ-साथ उन्हें निशुल्क पुस्तकें एवं अन्य सुविधाएं देता है। रिद्धी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने कोच पिता मनोज फोर, खेल इंचार्ज डा. देवी भूषण, डीपी वजीर सिंह, मुख्य कोच सुभाष तंवर तथा अपनी मेहनत को दिया है।

# मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रतियोगिता**

**8 इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डिजिटल मार्केटिंग "रहा**

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः आईबी** पीजी महाविद्यालय में बी.कॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डिजिटल मार्केटिंग "रहा । इस प्रतियोगिता में कक्षा के लगभग 10



विद्यार्थियों द्वारा अपना प्रदर्शन दिया गया । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रूपाली, द्वितीय स्थान, मुस्कान ,तृतीय स्थान पर सोनिया व सांत्वना पुरस्कार गार्गी को दिया गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग जी ने विद्यार्थियों के सफल प्रदर्शन पर उनको बधाई देते हुए कहा कि आज डिजिटल मार्केटिंग में मोबाइल फोन एप्स के जरिए डिस्प्ले एडवरटाइजिंग व ऑनलाइन शॉपिंग, टिकट बुकिंग ,रिचार्ज ,बिल भुगतान ,ऑनलाइन ट्रांजैक्शन आदि जैसे कई काम हम घर बैठ कर सकते हैं।

डिजिटल मार्केटिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक नई प्रतियोगिकी जुड़ी है जो बढ़ते तकनीकी रुझानों के साथ-साथ लगातार फल फूल रही है रोजमर्रा की चुनौतियों का समाधान करते हुए यह उपभोक्ताओं व व्यवसायों दोनों के जीवन को आसान बनाने की कोशिश कर रही है। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों के सफल प्रदर्शन पर उनको बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होता है और उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के हौसले की प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता का आयोजन बीकॉम फाइनल ईयर की मैनटर प्रोफेसर रितिका जताना द्वारा किया गया।

# जिला खेल कूद प्रतियोगिता में महिलाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** शिवाजी स्टेडियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी लक्ष्मी देवी ने बताया कि प्रतियोगिता का उदेश्य महिलाओं में खेल कूद की भावना पैदा करना व महिला एवं बाल विकास विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत करवाना प्रमुख था। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता को क्रमशः 4100, 3100 व 2100 रुपए देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि 5 किलो मीटर साईकिल रेस में निक्की प्रथम, आशा जागलान द्वितीय व सोनिया तृतीय स्थान पर रही। 300 मीटर की दौड़ में प्रथम मन्नू, द्वितीय कोमल व तृतीय अंजली रही। 400 मीटर दौड में प्रेरणा प्रथम, रितिका द्वितीय व अंतिमा तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड में सुमन प्रथम, बलकेश द्वितीय व कविता तृतीय स्थान पर रही।

आलू चम्मच रेस में रोशनी प्रथम, सुनीता द्वितीय व कमलेश तृतीय स्थान पर रही। मटका रेस में अनीता प्रथम, सुनीता द्वितीय व एक अन्य सुनीता तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को मौके पर पारितोषित देकर सम्मानित किया गया।

# '18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक को मतदान करने का पूरा अधिकार'

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** एडीसी पंकज यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के द्वितीय स्थल के सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न महाविद्यालय और विद्यालयों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि आज के युवा देश में एक अहम हिस्सा है। प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक को मतदान करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देश में सरकार चुनने में युवा वर्ग का महत्वपूर्ण स्थान है। पंकज यादव ने कहा कि सरकार द्वारा नये वोट बनाए जा रहे हैं ताकि आने वाले इस लोकसभा चुनाव में भाग लेने से कोई भी व्यक्ति वंचित न रह सके व अपने वोट डालने के अधिकार का प्रयोग कर सके।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि जिन युवाओं ने वोट नहीं बनवाया है वे जल्द ही अपना वोट बनवा लें। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों और विद्यालयों में मतदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान की प्रति जागरूक किया जाए ताकि वह इस जागरूकता को और आगे तक लेकर जाएं।

# केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं को दें गतिः उपायुक्त

## उपायुक्त ने बैठक में जिले में संचालित की जा रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की

**ब्यौरा**

**8 उपायुक्त ने सांसद कोष से कराये जा रहे विकास कार्यो की खर्च राशी का ब्यौरा लिया**

**कमाल हुसैन**

**पानीपत,** कमाल हुसैन जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी की बैठक सोमवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने सांसद कोष से कराये जा रहे विकास कार्यों की खर्च राशी का ब्यौरा लिया और पिछली बैठक के दौरान शेष बचे कार्यों की समीक्षा की तथा वर्तमान समय में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही महत्त्वकांक्षी योजनाओं की प्रगति को अधिकारियों से जाना। उपायुक्त ने अधिकारियों से सम्बंधित विभागों में संचालित की जा रही योजनाओं की वर्तमान में क्या स्थिति है, कितना कार्य बचता है पर चर्चा की और कुछ जरूरी दिशा निर्देश दिये।

उपायुक्त ने बैठक में 29 एजेण्डों को एक-एक कर के सम्बंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से मंथन करते हुए और तेजी लाने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी स्कीम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूअर्बन मिशन-राष्ट्रीय रूअर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), दीन दयाल अंत्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, आरजीएसए और स्वामीत्व स्कीम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिड डे मिल स्कीम, समग्र शिक्षा, नैशनल हैल्थ मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, रूरल ग्रामीण पेयजल प्रोग्राम, एग्रीकल्चर मार्केट दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है पर विस्तार से विचार विमर्श किया।

उपायुक्त ने कहा कि कुछ ही समय में किसानों की फसल पक कर तैयार हो जायेगी ऐसी स्थिति में मार्केट कमेटी का खासतौर पर दायित्व बनता है की वो किसानों को मंडी में मिलने वाली सुविधाओं पर ध्यान दे। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान पोर्टल को खोलने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत बन रहीं सडकों की भी समीक्षा की।

# ब्रेकथ्रू संस्था ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः ब्रेकथ्रू** संस्था द्वारा गांव दरियापुर व पत्थर गढ़ गांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को गांव वासियों के साथ मिलकर मनाया गया। ब्रेकथ्रू संस्था से प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला दिवस पहली बार वर्ष 1911 में क्लारा जेटकिन द्वारा मनाया गया था, जो एक जर्मन महिला थीं। इस उत्सव की शुरूआत पूरे यूरोप और उत्तरी अमेरिका में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई थी। हालाँकि पहली बार वर्ष 1913 में यह समारोह 8 मार्च को मनाया गया था और तब से इसी दिन मनाया जाता है। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। दिसंबर 1977 में संयुक्त राष्ट्र




महासभा ने अपनी ऐतिहासिक और राष्ट्रीय परंपराओं के अनुसार सदस्य देशों द्वारा वर्ष के किसी भी दिन मनाए जाने वाले महिला अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिये संयुक्त राष्ट्र दिवस की घोषणा करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया। इस दिवस को मानते हुए पत्थर गढ़ गांव के युवाओं ने गांव में पेंटिंग की। पेंटिंग में लैंगिक समानता के संदेश देते हुए लोगों को जागरूक करने की कोशिश की की लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाया जाना चाहिए। दरियापुर से अध्यापक प्रवीण जैन ने कहा कि आजकल लड़के व लड़कियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए जितना हो सके उतना ज्यादा पढ़ाना चाहिए ताकि वह अपने सपने पूरे कर सके एवं महिलाओं को उनके अधिकार मिलने चाहिए। युवा फुरकान ने कहा कि युवाओं की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने गांव को सुरक्षित बनाए एवं लैंगिक समानता के प्रति लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर गांव के आंगनबाड़ी वर्कर्स व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किसानों को तुरंत मुआवजा दे हरियाणा सरकारः आम आदमी पार्टी

**मांग**

**8 कुछ जिलों में भीषण बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है जिसने गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया**

**पानीपत**

**कमाल हुसैनः किसानों** को तुरंत मुआवजा दे हरियाणा सरकार। जैसे कि हम सब जानते हैं कि कल रात को हरियाणा के कुछ जिलों में भीषण बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है जिसने गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया है। किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से बहुत ज्यादा हानि पहुंची है, क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहां पर ज्यादातर लोग खेती के व्यवसाय में लगे हुए हैं।

उनके आजीविका का एकमात्र साधन कृषि है आज जब ऐसे समय में किसानों की फसल कल रात हुई बारिश और ओलावृष्टि से तबाह हो गई है आम आदमी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। चाहे वह आंदोलन का मुद्दा हो चाहे वह किसानों की फसल खराब होने का मुद्दा हो आम आदमी पार्टी मांग करती है कि हरियाणा सरकार तुरंत प्रभाव से सभी खेतों का सर्वे करें और तुरंत किसानों को सहायता राशि जारी करें।

# बार एशोसिएशन सोनीपत ने कुनाल कैलिस टाइटंस को 2 विकेट से हराया

## फाइनल मैच में यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन दीपक गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः यूनिक** क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा, गन्नौर में खेले गये यूनिक विंटर कप क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए रोमांचक फाइनल मैच में बार एशोसिएशन सोनीपत ने कुनाल कैलिस टाइटंस को 2 विकेट से हरा दिया, टॉस जीतकर पहले खेलते हुए कुनाल कैलिस टाइटंस टीम के हिमांशु के 36 व रूपेश के 34 रनों मदद से 176 रन बना बनाए। बार एशोसिएशन के कप्तान विवेक गौड़ ने 3 तथा संदीप, शिवम और टीपू ने 2-2 विकेट लिये, लक्ष्य का पीछा करते हुए शिवम के विजित 72 रनों के बदौलत 19.1 ओवर में 180 रन बना कर टूनामेंट जीत लिया, नीटू चोपड़ा ने 3 विकेट लिए, शिवम मैन ऑफ द मैच व नीटू चोपड़ा मैन ऑफ द सीरीज रहे, टूनामेंट में करनाल टीम के शुभम ने 387 रन व बार एशोसिएशन के टीटू ने 307 रन तथा नीटू चोपड़ा 12 विकेट व विवेक गौड़ 11 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे, आदित्य राठी श्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक चुने गए, इस टूनामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया और 30 मैच खेले गए। फाइनल मैच में यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन दीपक गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की।

# धूमधाम से मनाया शाश्वत चेतना स्कूल का पारितोषित वितरण समारोह

## उपप्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा व प्रीति शर्मा ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शाश्वत चेतना** स्कूल का पारितोषित वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में स्कूल के उप प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम की शुरूवात छात्राओं द्वारा दुर्गा-स्तुति से की गई। इसके बाद रंग बिरंगी वेश भूषाओं के साथ छात्राओ ने पंजाबी गिद्दा व छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली। छात्रों ने शिक्षाप्रद नाट्यरूपक व छोटी बच्ची की श्रीराम सांस्कृतिक



प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिक्षा व खेल के क्षेत्र में विभिन्न पद प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एंव मेडल से सम्मानित किया गया। अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवाई गई। कार्यक्रम के समापन पर दर्शन शर्मा, प्रीति शर्मा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उपप्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के छात्रों को शिक्षा के साथ- साथ संस्कार भी दिए जाते है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि परीक्षाओं का समय नजदीक आ गया है। सभी छात्र मेहनत लग्न से कार्य करे। मेहनत से कार्य करने वाले छात्रों को जीवन में जरूर सफलता मिलती है। उन्होंने शिक्षकों को भी कहा कि वे छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार दे। बिना संस्कारों के समाज का उत्थान नही हो सकता। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

**मन मोहा**

**8 छात्रों ने शिक्षाप्रद नाट्यरूपक व छोटी बच्ची की श्रीराम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया**

# केवल पार्क में आयोजित श्रीराम कथा में हुआ प्रभु श्रीराम का जन्म








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क में संगीतमय श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन प्रभु कृपा कथा समिति, आदर्श नगर के द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 2 मार्च से शुरू हुई है और 10 मार्च तक चलेगी। इस कथा का आयोजन पिछले 11 वर्षों से नियमित हो रहा है। कथा में प्रभु श्रीराम जन्म की कथा का वर्णन कथा वाचक के द्वारा किया गया। कथा वाचक परम श्रद्धेय हिमेश शास्त्री जी महाराज ने भक्तों से कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने प्रांगण में उपस्थित भक्तों से कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारे और हमेशा ही सत्य का साथ दें। इस मौके पर प्रभु कृपा कथा समिति आदर्श नगर के चेयरमैन सीताराम शर्मा, अजय गोयल प्रधान, गोपाल खनेजा महासचिव, राजेन्द्र अगवाल कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, मुख्य संरक्षक रामकरण कंसल, प्रकाश चंद अग्रवाल मुख्य संयोजक, जगदीश छाबड़ा सहसंयोजक, सुरेश बंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 41 श्रमिकों की जिंदगी बचाने वाले 12 रैट माईनर्स को मकान दिया जाये: जिंदल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने कहा कि अपनी जान जोखिम में डालकर उत्तराखंड की सिलक्यारा स्रुंग में फंसे 41 श्रमिकों की जिंदगी बचाने वाले 12 रैट माईनर्स को सरकार द्वारा मकान दिया जाना चाहिए।

श्री जिन्दल ने बताया कि पिछले वर्ष नवंबर माह में उत्तराखंड की सिलक्यारा स्रुंग में कई दिनों से फंसे 41 श्रमिकों को अपनी जान की परवाह न करते हुए विपरीत परिस्थितियों में रैट माईनर्स ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए लगातार 26 घंटे तक बिना रुके खुदाई करके श्रमिकों को सुरंग से सुरक्षित बाहर निकालने का काम किया था, जिसके लिये उन्होंने कोई मेहनताना नहीं लिया था। उन्हीं रैट माईनर्स में से एक वकील हसन का आशियाना बिना वैक्लपिक व्यवस्था किये डी.डी.ए. द्वारा 28 फरवरी को ढहा दिया गया। श्री जिन्दल ने दिल्ली, केंद्र सरकार व दिल्ली के उप-राज्यपाल से मांग की है कि सभी रैट माईनर्स को सरकार द्वारा मकान दिया जाना चाहिये।

## नरेला विधानसभा: विभागीय अनदेखी से बदहाल हुआ दशहरा ग्राउंड




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित डीडीए की खाली पड़ी जमीन को विभाग की अनदेखी के कारण लोगों ने कूड़ा घर में तब्दील कर दिया। रात के समय लोग यहां पर मलवा और कचरा फेंकते हैं उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है, कूड़े पर दिनभर आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। वहीं कूड़े के ढ़ेर पर आवारा पशुओं का झुंड घूमता रहता है जो मौका पाकर राहगीरों पर हमला कर देते हैं। स्थानीय निवासी दिनेश ने बताया कि दशहरा ग्राउंड के नाम से मशहूर डीडीए की यह खाली पड़ी जमीन विभाग की अनदेखी के कारण बदहाल है। जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर पड़े हुए हैं। विभागीय अनदेखी के कारण दशहरा ग्राउंड आवारा पशुओं और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। यहां वह जुआ खेलते और शराब पीते अक्सर नजर आ जाते हैं। इस कारण स्थानीय निवासी यहां से जाने में भी कतराते हैं। शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासी सुरेश खत्री ने बताया की बदहाली का शिकार दशहरा ग्राउंड की दीवार कई जगह से टूटी हुई है। जिससे यहां आवारा पशुओं का जमवाड़ा रहता है जो मौका पाकर लोगों पर हमला भी कर देते हैं। अभी 2 दिन पहले ही यहां से गुजर रहे सुनील नाम के युवक को एक सांड ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक वर्ष में दो दर्जन से अधिक लोग इन आवारा मवेशियों के हमले से घायल हो चुके हैं। लोगों की मांग है कि डीडीए को इसकी बदहाली को संज्ञान में लेते हुए इसकी साफ सफाई व इसकी बाउंड्रीवाल को दोबारा बनाना चाहिए।

# चांदनी चौक सीट से भाजपा उम्मीदवार घोषित होने के बाद प्रवीण खंडेलवाल का किया गया जोरदार स्वागत






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा सीट से प्रवीण खंडेलवाल को भाजपा द्वारा उम्मीदवार घोषित करने के बाद लोगों व पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं में अति उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिलकर अशोक विहार स्थित कार्यालय में प्रवीण खंडेलवाल का फूलमाला पहनाकर धूमधाम से स्वागत किया। इस दौरान चांदनी चौक लोकसभा प्रभारी श्याम शर्मा, सहप्रभारी आदित्य, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, केशव पुरम जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, लोकसभा संयोजक अशोक गोयल देवराहा, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम के पूर्व प्रत्याशी हरीश असड़ी, निगम पार्षद विकेश सेठी, मनोज जिंदल, निगम पार्षद रेनू अग्रवाल के साथ-साथ विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष और जिले के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रवीण खंडेलवाल का जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान प्रवीण खंडेलवाल ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारते हुए कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास दिखाकर चांदनी चौक लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है उसके लिए मैं पार्टी का आभारी हूं और इस सीट से पार्टी को जीत दिलाने के लिए मैं और हमारे कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से मेहनत करेंगे। इस मौके पर हरीश असड़ी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर पूरी मेहनत और ईमानदारी से चांदनी चौक लोकसभा सीट से प्रवीण खंडेलवाल को लाखो वोटो के मार्जन से विजय दिलवाकर रहेंगे।

## क्षेत्र में जो भी समस्याएं है उनका समाधान किया जा रहा है: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** निगम पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में सोमवार को मैंने वार्ड में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया और मेट्रो अपार्टमेंट के बाहर बड़े नालों की सफाई विक्टर मशीन द्वारा खुद खड़े होकर करवाई।

उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

## चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस किस पर खेलेगी दांव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां काफी ज्यादा तेज हो चुकी है, भाजपा ने दिल्ली में सात में से पांच सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं।

अगर दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट की बात की जाये तो यहां पर भारतीय जनता पार्टी ने इस बार वैश्य समाज से प्रवीण खंडेलवाल को अपना उम्मीदवार बनाया है। इनको व्यापारी नेता भी कहा जाता है। भाजपा को टक्कर देते हुए कांग्रेस पार्टी भी किसी मजबूत उम्मीदवार को उतारने के लिए मंथन कर रही है।

**मंथन...**

**8 सूत्रों की मानें तो कांग्रेस पार्टी इस बार काफी मंथन के बाद ही उम्मीदवारों की घोषणा करेगी**

सूत्रों की माने तो इस सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता भी मुख्य दावेदारों में है। इसके अलावा पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, अलका लाम्बा, मंगत राम सिंघल सहित कई दावेदार हैं। लोगों का कहना है कि हरिशंकर गुप्ता वैश्य समाज से आते हैं और इनकी चांदनी चौक लोक सभा क्षेत्र में काफी अच्छी पकड़ भी है, पार्टी को इन पर इस बार दांव खेलना चाहिए।

# केवल पार्क: धूमधाम से मनाया गया धीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष सुभाष झा का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** धीरपुर वार्ड के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष झा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

आपको बतादें कि सुबह से ही मंडल अध्यक्ष सुभाष झा को बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। इस मौके पर जहां एक ओर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की। इस मौके पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया, निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व निगम प्रत्याशी नीलम बुद्धिराजा, जिला महामंत्री गीता गुलाटी, जिला उपाध्यक्ष नरेश मलिक, भाजपा पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज सिंह व उनकी टीम, मंडल अध्यक्ष दलबीर पुनिया, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा आदर्श नगर, प्रीति गुप्ता, अनिल झा, मनोज कलीरमन, गौरव गुप्ता, अशोक नारंग, महावीर बंसल, संयोग अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोगों ने मंडल अध्यक्ष सुभाष झा को जन्मदिन की बधाई दी।

इस अवसर पर निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने कहा कि सुभाष झा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग उन्हें जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे हुए है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुभाष झा ने कहा जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।




# सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई उपद्रवियों से होगी

**बड़ा कदम**

**8 धामी सरकार ने प्रदेश में उपद्रव फैलाने वालों पर शिकंजा कसने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

धामी सरकार ने प्रदेश में उपद्रव फैलाने वालों पर शिकंजा कसने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। दंगा और अशांति फैलाने के दौरान सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की वसूली नुकसान पहुंचाने वालों से की जाएगी। इसके लिए एक क्लेम ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा।

सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस दौरान मंत्रिमंडल दंगों और अशांति फैलाने के मामलों में सख्ती से रोक लगाने के उद्देश्य से इससे संबंधित कानून बनाने पर अपनी मुहर लगा दी है। हड़ताल, बंद, उपद्रव फैलाने अथवा विरोध प्रदर्शन आदि के दौरान प्रदर्शनकारी सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे सरकारी और निजी संपत्तियों को भी नुकसान होता है। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए अब तक उत्तराखंड में कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी। दंगे करने और अशांति फैलाने वालों पर उत्तराखंड सरकार अब सख्ती से पेश आएगी।

इसके तहत सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर मुकदमा दर्ज होने की स्थिति में सर्किल ऑफिसर अपनी रिपोर्ट संबंधित जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे। जिलाधिकारी की ओर से गठित क्लेम ट्रिब्यूनल, कोर्ट कमिश्नर के माध्यम से नुकसान का आंकलन करेगा, जिसके बाद इस कानून के अंतर्गत संबंधित व्यक्ति से वसूली की जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि "प्रदेश की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और एक ऐसी नजीर बनाएंगे, जिससे देवभूमि की पवित्र भूमि को कलंकित करने वाले दंगाइयों की पीढियां भी वर्षों तक याद रखेंगी।" दंगों के दौरान होने वाले सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की क्षतिपूर्ति दंगाइयों से ही की जाएगी।

# एक किलो से अधिक अवैध चरस के साथ दो गिरफ्तार

**मामला पंजीकृत**

**8 कोतवाली जोशीमठ में दोनों आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

चमोली जिले की एसओजी टीम की ओर से सोमवार को जोशीमठ कोतवाली क्षेत्रांतर्गत दो लोगों को एक किलो 270 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली जोशीमठ में दोनों आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया है। चमोली वर्चुअल पुलिस ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने जोशीमठ के ग्रेफ चैराहे पर एसओजी टीम की ओर से चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था तो इस दौरान जोशीमठ के करछी गांव निवासी 36 वर्षीय कुलदीप कुमार को 650 ग्राम तथा निजमूला निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार को 620 ग्राम अवैध चरस परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से कुल एक किलो 270 ग्राम अवैध चरस बरामद किया गया। दोनों आरोपितों के खिलाफ जोशीमठ कोतवाली में मामला पंजीकृत किया गया है।

बताया गया कि आरोपित राकेश कुमार के विरुद्ध थाना गोपेश्वर और कुलदीप कुमार के विरुद्ध ज्वालापूर हरिद्वार में पूर्व से एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज है।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन एवं देयकों के भुगतान में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सोमवार को जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्या सुनी। जनसुनवाई में कुल 105 शिकायतें आईं। इसमें अधिकतर भूमि संबंधी शिकायतें थीं। इसके अतिरिक्त आर्थिक सहायता, पेंशन, नगर निगम, एमडीडीए,पशुपालन, सिंचाई, लोनिवि, पुलिस आदि विभागों से संबंधित थीं।

भूमि सीमांकन संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने स्तर से जांच कराकर प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार सेवानिवृत्त कानूनगो को 13 माह से पेंशन न लगने की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गंभीरता से तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन एवं देयकों के भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। लापरवाही बरतने पर संबंधित कार्मिक की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी।

जोलीग्रांट एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि एवं भवनों के मुआवजा न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। विकास खंड चकराता अंतर्गत पुरटाड खेड़ा कागसील में गूल मरम्मत, तारजाल, डिरनाड पुरटाड रोड में दीवार व स्कपर का निर्माण, ग्राम पंचायत पुरटाड खेड़ा कनोन में पाइपलाइन व हौज निर्माण आदि कार्यों की शिकायत पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एवं सिंचाई, लोक निर्माण व लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम की भूमि पर भी अतिक्रमण की शिकायत मिली।

### लोनिवि गदेरे में डाला मलबा हटाये

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**

मातलीधार-लवाधार सड़क का मलबा गांव के गदेरे में डालने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने मलबे को हटाने के कड़े निर्देश लोनिवि चंबा को दिए। जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों व मांग-पत्रों व त्वरित कार्रवाई करने को कहा। सोमवार को जिला सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतों को सुनते हुए 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। विकासखण्ड चम्बा के ग्राम पंचायत भाटूसैंण के गुरु प्रसाद डबराल ने मातलीधार-लवाधार सड़क निर्माण के दौरान सड़क कटान का मलबा गांव के गदेरे में डालने की शिकायत की। जिस पर डीएम ने लोनिवि चम्बा को मिट्टी हटाने के निर्देश दिये। प्रतापनगर के ग्राम भेनगी निवासी भाग चन्द रमोला ने जल निगम की पेयजल लाइन के बिछाने के दौरान उनके मकान को काफी क्षति पहुंचने की शिकायत की। जिस डीएम ने नुकसान की भरपाई को ससमय उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

नई टिहरी बसन्त बिहार निवासी पुष्पा पुण्डीर ने उनके मकान के समीप की सुरक्षा दीवार की जीर्ण-शीर्ण दशा को ठीक कराने की मांग की। जिस पर नगरपालिका को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विकासखण्ड जाखणीधार के ग्राम भौनियाड़ा निवासी रामकृष्ण भट्ट ने बताया कि उनकी माता के निधन के बाद बीपीएल राशन कार्ड उनके नाम करवाने की मांग की। जिस पर पूर्ति विभाग को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रतापनगर के ग्राम रौलाकोट के प्राथमिक विद्यालय और नरेन्द्र नगर के क्यारा-जमौला के राउमावि जमौला में पेयजल की शिकायत की गयी। जिस पर डीएम ने शिक्षा विभाग सहित सम्बंधित विभागों को त्वरित संज्ञान लेने को कहा।

### टीएचडीसी में सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड भागीरथीपुरम टिहरी में 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। जिसकी थीम पर्यावरण सामाजिक एवं शासन में उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान देना रखा गया है। सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य महाप्रबन्धक ओएण्डएम आरआर सेमवाल ने झण्डारोहण से करते हुए सभी मौजूद कार्मिकों को सुरक्षा सप्ताह की शपथ दिलाई।सोमवार से शुरू हुए सुरक्षा सप्ताह के मौके पर सभी कार्मिकों को सुरक्षा बैचों का वितरण भी किया गया। सीजीएम सेमवाल ने कहा कि इस सुरक्षा दिवस का उदेश्य संगठनों और व्यक्तियों को सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने एवं सुरक्षा को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा दिवस औद्योगिक और कार्यस्थल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, निर्माण सुरक्षा, कार्यालय सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, आत्म सुरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी समर्पित है।

## प्रसिद्ध लेखक, कलाकार पहुंचेंगे हल्द्वानी किताब कौतिक में

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

हल्द्वानी किताब कौतिक का आयोजन 16 व 17 मार्च को एचएन इंटर कॉलेज में होगा। इसमें देश भर से कई लेखक, रंगकर्मी व समाजिक कार्यकर्ता पहुंच रहे है। कार्यक्रम की थीम आओ, दोस्ती करें किताबों से है। कार्यक्रम संयोजक हेम पंत व दयाल पांडे ने बताया कि कौतिक में विभिन्न विषयों की लगभग 70 हजार किताबें उपलब्ध होगी। साथ ही साहित्य, शिक्षा, सांस्कृतिक व खेल आदि विषयों पर वार्ता की जाएगी। स्कूली बच्चों के लिए विशेषज्ञों की ओर से चित्रकला, रंगमंच, विज्ञान और शतरंज की चार विस्तृत वर्कशॉप भी रखी गई हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

# जगत के कण-कण में विद्यमान हैं भगवान शिव : महंत रविन्द्र पुरी महाराज

**अभिषेक**

**8 प्रातः मानस पाठ की पूणार्हुति, यज्ञ, भगवान श्री सिद्धेश्वर का अभिषेक व भण्डारे का आयोजन हुआ**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहाकि भगवान शिव जगत के कण-कण में विद्यमान हैं। कनखल नगरी तो शिव का ही स्वरूप है। कारण यह क्षेत्र भगवान शिव की ससुराल होने के साथ दक्षेश्वर महादेव के रूप में पृथ्वी के पहले शिवलिंग के रूप में भगवान शिव विराजमान हैं।

उक्त उद्गार उन्होंने श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित संत सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहाकि श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर अति प्राचीन है। राजा दक्ष ने जगजीतपुर क्षेत्र में यज्ञ का आयोजन कराया था। जिसको पूर्व में यज्ञपुर के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहाकि समय के साथ-साथ अब यज्ञपुर का नाम जगजीतपुर हो गया। उन्होंने कहाकि जिस स्थान पर श्री सिद्धेश्वर महादेव विराजमान हैं, वहां यज्ञाचार्यों, ऋषि-मुनियों का निवास था। श्री सिद्धदेश्वर महाराज ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित हैं। इनकी पूजा-अर्चना से समस्त कष्टों का नाश हो जाता है।

मंदिर के परमाध्यक्ष श्रीमहंत विनोद गिरि ऊर्फ हनुमान बाबा ने कहाकि श्री सिद्धेश्वर महादेव की महिला अपरम्पार है। उन्होंने कहाकि श्री सिद्धेश्वर महादेव ने दिल्ली निवासी एक कन्या को दर्शन देकर स्वंय के यहां विराजमान होने की बात कही थी, जिसके बाद खुदाई में भगवान प्रकट हुए। जिस कारण से प्रतिवर्ष भगवान की स्थापना का उत्सव मनाया जाता है।

वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर अखण्ड श्री रामचरित मानस का पाठ किया गया। सोमवार की प्रातः मानस पाठ की पूणार्हुति, यज्ञ, भगवान श्री सिद्धेश्वर का अभिषेक व विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ।इस अवसर पर महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरि, स्वामी रामेश्वरानंद, स्वामी विश्वस्वरूपानंद, स्वामी कृष्णा गिरि, स्वामी आनन्द पुरी, स्वामी सूर्यमोहन गिरि, स्वामी मणि पुरी, सतपाल ब्रह्मचारी समेत अनेक संत, महंत, मण्डलेश्वर व भक्तजन मौजूद रहे।

# स्वीप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**जागरूक**

**8 सिन्याड़ी स्थित ललित होटल के पास एकत्रित जनसमूह को मतदान हेतु जागरूक किया गया।**



**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**

आगामी लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर स्वीप टीम टनकपुर द्वारा सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलाड़ में ग्रामीण मतदाताओं से आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया और इस आशय की शपथ दिलवाई। तत्पश्चात सिन्याड़ी स्थित ललित होटल के पास एकत्रित जनसमूह को मतदान हेतु जागरूक किया गया।

टीम टनकपुर द्वारा चौड़ाकोट में मकान का निर्माण कर रहे श्रमिकों और उपस्थित ग्रामीणों को मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया और चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त धूरा बूथ में मतदाताओं को जागरूकता शपथ दिलवाई गई वहां पर उपस्थित बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाताओं को पोस्टर दिखाकर मतदान प्रक्रिया के लिए जागरूक किया।

## मैराथन दौड़ कर मतदान के प्रति किया जागरूक

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार से राष्ट्रीय शक्ति मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड में पुलिस, युवा कल्याण, होमगार्ड, स्कूली बच्चों एवं महिला कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मैराथन दौड का आयोजन कर अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित किया।

महिला मैराथन दौड़ खेड़ा चैराहा गौलापार से प्रारम्भ होकर अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में हुई। मैराथन दौड़ का शुभारम्भ सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्धि ने हरी झंडी दिखाकर किया।

# राष्ट्रीय महिला शक्ति वंदन मैराथन में महाविद्यालय की दीया रही प्रथम



**मैराथन**

**8 खेल विभाग, चमोली की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय महिला शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

खेल विभाग, चमोली की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय महिला शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय गोपेश्वर की दीया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय महिला शक्ति वंदन मैराथन के तहत गोपेश्वर से घिघंराण मोटर मार्ग जीरो बैण्ड तक खेल, युवा कल्याण, होम गार्ड एवं पुलिस की महिला कार्मिकों एवं पीजीकालेज गोपेश्वर बालिकाओं के लिए दो किलोमीटर दौड़ आयोजित की गई। जिसमें पीजी कालेज गोपेश्वर की दीया ने प्रथम, ऊषा बिष्ट ने द्वितीय तथा होमगार्ड चमोली की निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि पीजी कालेज गोपेश्वर से सावित्री और बबीता ने क्रमशः चतुर्थ तथा पंचम स्थान प्राप्त किया।

लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार होमगार्ड की रेखा देवी, युवा कल्याण विभाग की शकुन्तला देवी, पीजी कालेज गोपेश्वर की चन्द्रकला, रश्मि और मीनाक्षी को दिया गया। विजेता प्रतिभागियों को भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष हिमानी वैष्णव, गढ़वाल संयोजक चन्द्रकला तिवाड़ी ने पुरस्कार वितरित किये। इस असवर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों, अधिकारी, कर्मचारियों, प्रतियोगिता के निर्णायकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी।

इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए आनंद सिंह, प्रभारी जिला क्रीडाधिकारी जयवीर सिंह रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी आनन्द सिंह नयाल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रियंका बिष्ट, महामंत्री ज्योति मैठाणी, कला पाठक, महेन्द्र सिंह राणा आदि मौजूद थे।

# आजाद हिंद फौज के सेनानी दल बहादुर थापा को याद किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

आजाद हिंद फौज के सेनानी शहीद कैप्टर दल बहादुर थापा को सोमवार को उनके 117वें जन्मदिन पर उत्तराखंड राज्य नेपाली भाषा समिति ने याद किया।



उत्तराखण्ड राज्य नेपाली भाषा समिति बलिदानी कैप्टन दल बहादुर थापा आजाद हिंद फौज के 117वें जन्मदिवस पर गोखार्ली सुधार सभा, गढ़ी कैंट देहरादून में कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि गोखार्ली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा , नेपाली भाषा समिति अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, श्री मेग बहादुर थापा ने दीप प्रज्वलित करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जन्मदिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये`

समिति के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा ने कहा कि शहीद कैप्टन दल बहादुर थापा ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज की टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए बर्मा कोहिमा सीमा पर वीरता से लड़े पर दुर्भाग्य से उन्हें 28 जून 1944 को अंग्रेजों ने युद्धबंदी बना लिया, उनपर देशद्रोह का मुकदमा चलाकर मृत्यु दण्ड दिया। 03 मई 1945 को आजादी के दीवाने इस रणबांकुरे ने हंसते हंसते फांसी के फंदे को गले लगाकर भारतमाता की आजादी के लिये अपने प्राणों का बलिदान दिया। इनके अदम्य साहस और वीरता से प्रभावित होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इन्हें कैप्टन पद से सम्मानित किया था। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित "हू इज हू इंडियन मारटायर्ज" के पृष्ठ संख्या 362 पर यह टिप्पणी अंकित हैसोमवार को इस अवसर पर पीबीओआर के अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट,समिति के महामंत्री श्याम राना, बालकृष्ण बराल,उपाध्यक्ष राजेंद्र मल्ल, पूजा सुब्बा चंद, अशोक वल्लभ शर्मा, प्रभा शाह, कमला थापा,सभा के शाखा अध्यक्ष डीएस भंडारी, एचबी राना शमशेर थापा, पदम शाही, हरि प्रसाद थापा, देविन शाही एवं वरिष्ठ महानुभावजन , मातृशक्तियों एवं युवाओं ने अमर शहीद को जन्मदिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# साइबर क्राइम का मास्टर माइंड जयपुर से गिरफ्तार, धोखाधड़ी का मामला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

सोशल मीडिया पर ट्रेडिंग बिजनेस से तीन गुना मुनाफा कमाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी की जा रही है। यदि ऐसा संदेश आपको व्हाट्स एप अथवा फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर देखने को मिले तो सावधान हो जाएं। ऐसा ही एक और मामला देहरादून में सामने आया, जिसमें एक करोड़ की धोखाधड़ी की गई। उत्तराखंड एसटीएफ ने सोमवार को राजस्थान के जयपुर से साइबर अपराध के मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया है। ये साइबर अपराधी बिहार का रहने वाला है, जो देश भर में साइबर अपराध को अंजाम देता है। जांच में एक करोड़ रुपये धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा में शिक्षा विभाग में नियुक्त पीड़ित ने फरवरी 2024 में शिकायत दर्ज कराया। शिकायती पत्र में बताया कि विगत दिनों उन्होंने फेसबुक पर एक ट्रेडिंग बिजनेस का मैसेज देखा जिसके लिंक पर क्लिक करते ही उनका संपर्क एक विदेशी वाट्सअप नंबर से हुआ। इस नंबर पर चैंटिग करने पर एक व्हाट्स एप ग्रुप में जुड़ने के साथ डिटिगामैक्स एप्लीकेशन डाउनलोड कर इंवेस्ट करने के लिए बताया गया।

इस एप्लीकेशन में ट्रेडिंग करने के लिए व्हाट्स एप के माध्यम से उपलब्ध कराए गए विभिन्न बैंक खातों में लगभग 30 लाख रुपये धोखाधड़ी से जमा कराए गए। साइबर अपराधियों ने नए जारी होने वाले शेयर में अधिक मुनाफे का लालच दिया और निवेश करने पर वादी को कुछ ही दिनों में तीन गुना मुनाफा सहित लगभग 90 लाख रुपये डेसबोर्ड में प्रदर्शित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने विवेचना प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम ललित मोहन जोशी के सुपुर्द करते हुए अनावरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दिल्ली, कर्नाटक, गुजरात, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से जुड़े हैं साइबर अपराध के तार-

साइबर क्राइम पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बैंक खातों, मोबाइल नंबर, ई-मेल व व्हाट्स एप की जानकारी के लिए संबंधित बैंकों, सर्विस प्रदाता कंपनी, मेटा तथा गूगल कंपनियों से डेटा प्राप्त किया तो पता चला कि साइबर अपराधियों ने प्री-एक्टिवेटेड दूसरे व्यक्तियों के नाम से आवंटित मोबाइल सिम कार्ड व बैंक खातों का प्रयोग किया है। दिल्ली, कर्नाटक, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के विभिन्न बैंक खातों में धोखाधड़ी से धनराशि प्राप्त की है। इसके विरुद्ध दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, झारखंड आदि राज्यों में कुल 11 शिकायतें भी हैं।

# भाजयुमो युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा युवा मोर्चा ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के जीएमएस मंडल वार्ड-32 में आयोजित चौपाल के माध्यम से युवाओं को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।



इस दौरान विभिन्न पार्टियों के 35 से ज्यादा युवाओं ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश मंत्री राजेश रावत ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण, अनुच्छेद 370 हटाना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं का भाजपा ने चुनावों से पहले वादा किया था। पार्टी ने जनता से किए अपने हर वादे को पूरा किया है। केंद्र और राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिला है। प्रदेश संयोजक युवा मोर्चा प्रगति रावत, सोमवार को आयोजित कार्यक्रम की वक्ता महानगर कार्यकारिणी सदस्य वैशाली बंसल रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्त ने राज्य एवं केंद्र के अनेक योजनाओं की जानकारी युवा युवाओं को दी। चौपाल कार्यक्रम में कई युवाओं ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बरसात के मौसम में भी युवा कार्यकर्ता चौपाल के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# आज यूपी में आ रहे प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्टः योगी

## आज यूपी में आ रहे प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट: योगी, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम योगी ने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास, 'ब्रज के शिल्पी : सफलता की कहानियां' और 'हैंड क्राफ्टेड प्रॉस्पेरिटी' नामक दो पुस्तिकाओं का सीएम ने किया विमोचन

**पर्यटन पर जोर**

**8 आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोंण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।

**सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोंण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और इम्पलायमेंट को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति ने जहां यूपी के परसेप्शन को बदला है। वहीं सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम, नैमिष में नैमिष तीर्थ आज पुनर्जीवित हो गया है। विंध्यवासिनी कॉरीडोर नये रूप में है। बृजभूमि फिर से दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रयागराज का कुंभ, चित्रकूट, शुकतीर्थ, बौद्ध, सूफी, भक्ति और शक्ति के केंद्र के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का परिणाम है कि जिस यूपी में पहले कोई आना नहीं चाहता था, आज प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट यहां आ रहे हैं।

**आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती हैः** मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। यूपी अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है। यूपी को देश के विकास का ब्रेकर कहा जाता था वह आज ब्रेक थ्रू राज्य बन चुका है। यूपी आज बीमारू नहीं बल्कि रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। सबसे ज्यादा निवेश यहां आ रहा है। इसमें भी सर्विस सेक्टर की बड़ी भूमिका है। अच्छे होटल, अच्छे रेस्टोरेंट आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात की प्रशंसा की कि आज जितनी भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है, ये सब स्थानीय सांसद और विधायकों के प्रस्तावों का ही नतीजा है। सीएम ने कहा कि हम लोग किसी धार्मिक स्थल को संरक्षित करते हैं, तो ऐसा करके हम आने वाली पीढ़ि के लिए एक प्रेरणा स्थल का भी विकास करते हैं।

# पीएम मोदी स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में 'कोर लोडिंग' की शुभारंभ के साक्षी बने

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को तमिलनाडु के कलपक्कम में भारत के पहले स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (500 मेगावाट) में "कोर लोडिंग" की शुरूआत के साक्षी बने। प्रधानमंत्री ने रिएक्टर वॉल्ट और रिएक्टर के नियंत्रण कक्ष का भी दौरा किया। उन्हें इस रिएक्टर की मुख्य विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। तेलंगाना से तमिलनाडु पहुंचे प्रधानमंत्री सीधे कलपक्कम गए। कलपक्कम में भारत का बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। भारत ने परमाणु ईंधन चक्र के पूरे स्पेक्ट्रम में व्यापक क्षमताएं विकसित की हैं। सरकार ने 2003 में भारत के सबसे उन्नत परमाणु रिएक्टर-प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) के निर्माण और संचालन के लिए भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) के निर्माण को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के दोहरे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का विकास अनिवार्य है। उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में, भारत परमाणु और रेडियोलॉजिकल सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए, बिजली और गैर-ऊर्जा दोनों क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण अनुप्रयोगों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएफबीआर को एमएसएमई सहित 200 से अधिक भारतीय उद्योगों के महत्वपूर्ण योगदान के साथ एक बार चालू होने के बाद, भारत रूस के बाद वाणिज्यिक रूप से संचालित होने वाला फास्ट ब्रीडर रिएक्टर वाला दूसरा देश होगा। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) शुरू में यूरेनियम-प्लूटोनियम मिश्रित ऑक्साइड (एमओएक्स) ईंधन का उपयोग करेगा।

# अयोध्याः रामलला का दर्शन कर भावविभोर हुई मध्य प्रदेश सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्याः** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल सोमवार को श्रीरामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा। 63 सदस्यीय डेलिगेशन सुबह महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचा। एयरपोर्ट पर योगी सरकार में कृषि मंत्री व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ से संसाद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश व उनके कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों को माला पहनाया एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मध्यप्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'हमारा सबका सौभाग्य है, हमने आज श्रीरामलला के दर्शन किये, मध्य प्रदेश और अयोध्या का सम्बंध 2000 साल पुराना है, जब मध्य प्रदेश से सम्राट विक्रमादित्य ने अयोध्या आकर भगवान श्रीरामजन्मभूमि का पुनरुद्धार करवाया था। आज पांच सौ वर्षो के बाद फिर से एक अवसर आया है, जब भगवान श्रीरामलला का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई, यह तारीख इतिहास में दर्ज हो गई है।

अब अयोध्या अलौकिक नगर के रूप में स्थापित हो गयी है। हमने यहां आकर भगवान श्रीरामलला से आशीर्वाद लिया, जिससे हम गरीबों की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि हम यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध करेंगे कि यहां मध्य प्रदेश वासियों के लिए एक स्टेट भवन बने। इससे मध्य प्रदेश के दर्शनार्थियों को सुविधा प्राप्त होगी।

# 5 हजार करोड़ निवेश से बदलेगी सहारनपुर मंडल की तस्वीर

**निवेश**

**8 50 करोड़ से अधिक की 14 परियोनाओं से 10669 से अधिक रोजगारों का होगा सृजन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** प्रदेश में 10 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारे जा चुके हैं। गत माह आयोजित हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के बाद प्रदेश के सभी 18 मंडलों में बड़े पैमाने पर निवेश को धरातल पर उतारा गया है। हजारों करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं से मंडलों में न केवल उद्योग का वातावरण बनेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नौजवानों को नौकरी की तलाश में प्रदेश से बाहर न जाना पड़े, ऐसे में राज्य के विभिन्न मंडलों में हो रहे हजारों करोड़ रुपए के निवेश से नई उम्मीद जगी है। बात करें सहारनपुर मंडल की तो इसमें शामिल तीन जिलों, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में 50 करोड़ से अधिक की 14 बड़ी परियोजनाओं पर सबकी निगाहें टिकी हैं। ?5435 करोड़ की ये परियोजनाएं अपने साथ 10 हजार से अधिक रोजगार भी लेकर आ रही हैं। इन परियोजनाओं में इथनॉल प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, विद्युत ट्रांसमिशन, प्राइवेट इंडस्ट्रियल प्लांट, वुडेन हैंडिक्राफ्ट, होटल इंडस्ट्री, डिस्टलरी और सरिया निर्माण जैसे उद्योग शामिल हैं।

**मुजफ्फरनगर जिले में सर्वाधिक निवेशः** जीबीसी 4.0 के जरिए सहारनपुर मंडल अंतर्गत तीनों जिलों में मुजफ्फरनगर जनपद में सर्वाधिक निवेश धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। 50 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली पांच परियोजनाओं से ?2,811 करोड़ का निवेश धरातल पर उतर रहा है। इससे 1,420 रोजगार सृजित होंगे। मुजफ्फरनगर में जो बड़े उद्योग समूह निवेश कर रहे हैं उनमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में जीसी इंडिया सॉल्यूशन प्रा.लि. की ओर से 1480 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, इससे लगभग 500 रोजगार सृजित होंगे। इसी प्रकार दीपावली पूजा बॉक्स निर्माण के लिए रेशु एडवर्टाइजिंग प्रा.लि. की ओर से 600 करोड़ का निवेश हो रहा है, जिससे 150 रोजगार सृजित होंगे। वहीं वुड बेस्ड प्रॉडक्ट मैन्यूफैक्चरिंग में सप्तम डिकोर प्रा.लि. की ओर से 301 करोड़ का निवेश हुआ है, जिससे 300 रोजगार सृजित होंगे। वहीं टीएमटी सरिया निर्माण के लिए स्वरूप स्टील इंडस्ट्री प्रा.लि. की ओर से 270 करोड़ का निवेश किया गया है।


